e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 271

बुधवार

04.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है !

## क्विक न्यूज

### बिहार जातीय सर्वे मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, 6 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली :** बिहार जातीय सर्वे मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने रखा गया. कोर्ट ने 6 अक्टूबर को सुनवाई की बात कही. मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. कोर्ट ने सर्वे के आंकड़े जारी करने पर कोई रोक नहीं लगाई थी. कोर्ट का कहना था कि वह रोक का आदेश विस्तृत सुनवाई के बाद ही देगा.

### सुप्रीम कोर्ट ने राम सेतु केस से जुड़ी याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राम सेतु केस से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया.कोर्ट का कहना है कि यह एक प्रशासनिक विषय है, जिस पर कोर्ट सुनवाई नहीं करेगा. मामले से जुड़ी याचिका में कहा गया है कि समुद्र का पानी ऊपर आ जाने के चलते राम सेतु के दर्शन में कठिनाई होती है. अगर दोनों तरफ कुछ दूरी तक एक दीवार बना दी जाए, तो रामसेतु आसानी से दिखाई पड़ेगा. यह याचिका हिंदू पर्सनल लॉ बॉर्ड के अध्यक्ष अशोक पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी. याचिका में ये भी कहा गया है कि दीवार बन जाने के बाद दुनिया भर के लोग पुल के दर्शन के लिए धनुषकोटि जा सकेंगे. वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि कोर्ट दीवार बनाने का निर्देश कैसे दे सकता है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

सीएम ने सहायक अभियंता सहित लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का किया वितरण

# बड़ी संख्या में जल्द होगी नियुक्तियां : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही है।आज यह कोई पहला अवसर नहीं है बल्कि पिछले कई अवसरों पर हमारी सरकार ने झारखंड मंत्रालय के इस सभागार में राज्य के युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र देने का कार्य किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी है। हमारी सरकार ने डीएसपी, बीडीओ, सीओ सहित राज्य में पहली बार खेल पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, लैब साइंटिस्ट की भी नियुक्तियां की हैं। वे आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत झारखण्ड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता (असैनिक/ यांत्रिक/ विद्युत) तथा वाणिज्य-कर विभाग अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**सीएम ने कहा**

* जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए लागू किया सर्वजन पेंशन योजना

* निजी क्षेत्र में भी रोजगार देने का सिलसिला जारी

* जनहित के काम प्राथमिकता के साथ करें नवनियुक्त पदाधिकारी



### निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नौजवानों को मिल रहा ऑफर लेटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक -युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है, ये रोजगार जाने-माने औद्योगिक समूहों में मिला है। हमारी सरकार ने राज्य में स्थापित औद्योगिक सेक्टरों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी मिले, इस बाबत नियम बनाएं हैं। जिससे अब झारखंड के युवक-युवतियों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का रास्ता साफ हुआ है। राज्य के कई जिलों में रोजगार मेला लगाकर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक- युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। नियुक्ति पत्र बांटने का सिलसिला निरंतर जारी है। यह निश्चित रूप से मन को सुकून देने वाले कार्यक्रम रहे। ये नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पूरे राज्य के लिए खुशी का मौका बना। हमारी सरकार सिर्फ पढ़े-लिखे अभ्यर्थियों को ही नहीं बल्कि कम पढ़े-लिखे तथा मजदूर वर्ग के युवक-युवतियों के लिए भी रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी उठा रही है।

### राज्य की जनता को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए लागू किया सर्वजन पेंशन योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि इस राज्य के बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा दे सकें। सामाजिक सुरक्षा अगर समाज के अंदर नहीं है तो विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अलग पहचान के रूप में झारखंड अपने आप को खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि वित्त प्रबंधन में हम गुजरात से भी आगे हैं और देश के पांचवें राज्य में हम शुमार हैं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, वाणिज्य-कर विभाग की सचिव विप्रा भाल, वाणिज्य-कर आयुक्त संतोष वत्स सहित संबंधित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

भारत ने ट्रूडो सरकार से 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

# कनाडा से फिर गहराया विवाद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद गहराता दिख रहा है। दरअसल भारत सरकार ने कनाडा की सरकार से कहा है कि वह अपने 40 से ज्यादा राजनयिकों को वापस बुलाए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है। कनाडा के भारत में अभी 62 राजनयिक काम कर रहे हैं। भारत ने अब कनाडा से उसके 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ, भारत के कनाडा में मौजूद राजनयिक स्टाफ से बड़ा है और इसमें समानता होनी चाहिए। बता दें कि भारत और कनाडा के आपसी रिश्ते इन दिनों



सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। दरअसल बीती जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इसका आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाया था और वहां की संसद में खड़े होकर कहा था कि उनकी खुफिया एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि इस हत्या में भारत शामिल हो सकता है।






## संक्षिप्त खबरें

### जर्जर सड़क व गड्ढों से होकर श्रद्धालु पहुचेंगे पूजा पंडाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना के पास सड़क गड्ढे के बीच गुम हो गया है।यही स्थिति चैनपुर शहर के कर्पूरी चौक के पास भी है। गड्ढे व उसमें भरे पानी के बीच से होकर आम लोग आवाजाही कर रहे हैं।दुर्गात्सव के दौरान श्रृद्धालुओ को भी इसी कीचड़ के बीच से होकर आना जाना करना पड़ेगा। चैनपुर बाजार पलामू जिला मुख्यालय सिटी सह मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र का सबसे पुराना बाजार है। यहां 200 साल से अधिक समय से बाजार लगता आ रहा है।बाजार परिसर में शारदीय नवरात्र के दौरान माता जगदंबे की आराधना के अलावा भगवान श्रीराम दरबार की प्रतिमा स्थापित कर नवाहन परायण मानस महायज्ञ अनुष्ठान भी कराया जाता है। दुर्गात्सव और मानस महायज्ञ का इस वर्ष चैनपुर बाजार में 53वा आयोजन होगा।परंतु कीचड़ से सने रास्ते,सड़क में बने गड्ढे और चौतरफा गंदगी का अंबार का निदान निकालने की दिशा में अबतक कोई पहल नहीं की गई है।

# डीसी ने सीएम के कार्यक्रम को लेकर की बैठक, दिये कई निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री का पलामू भ्रमण को लेकर सदर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को मेदिनीनगर आ रहें हैं.मुख्यमंत्री चियांकी के गणके में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन करेंगे। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारीयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। उप नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लगातार हुई मूसलाधार बारिश से मिट्टी का खपरैल घर हुआ ध्वस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह में कबूतरी देवी पति नान्हू राम का खपरैल मिट्टी का घर रविवार की रात पानी रिसाव अधिक होने के कारण ध्वस्त हो गई। जिसे रोजमर्रा का सामान एवं कपड़ा बर्बाद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी परिवार घर में सो रहे थे तभी आधी रात मे वर्षा की पानी घर में प्रवेश कर गई जिससे पूरा मिट्टी का दिवाला रिसाव कर दोस्त हो गई। जिससे लोग बाल-बाल बच गए आनन फानन में सभी परिजनों की मदद से पानी को निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नान्हू राम काफी निर्धन एवं गरीब दलित परिवार से हैं जो एक ही घर में पांच परिवार रहकर जिंदगी बसर करते हैं। नान्हू राम के परिजनों ने प्रखंड प्रशासन से अंबेडकर आवास सहित अन्य सरकारी लाभ उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

### गढ़वा उपायुक्त केतार ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण




**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त गढ़व शेखर जमुआर ने प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण मंगलवार को किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ से उपस्थित अंचल एवं प्रखंड के कर्मियों की जानकारी ली। साथ ही सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी लिया। तत्पश्चाप जनप्रतिनिधियों एवं जनता की शिकायतों को भी सुना और उक्त समस्याओं के निराकरण का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को दिया। इस अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के शिकायतों को भी सुना एवं इसका निष्पादन का भी भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने केतार माँ चतुर्भुजी मंदिर का भी दर्शन किया।

### बारिश से खिले किसानों के मुरझाए चेहरे



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में रूक-रूककर हो रही लगातार बारिश से किसानों के मुरझाए चेहरे खिल गये हैं। धान की फसल रेंड़ पर है जिसे पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत है। ऐसे समय में बारिश होने से फसलों को संजीवनी प्रदान हुआ है। वहीं रोग से पीली हो रही पत्तियां फिर से खेतों में लहलहाने लगी हैं। पिपरा गांव के किसान अरविंद पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, सुनील कुमार, दीपक कुमार, अवधेश राम, संतोष राम, अनुज सिंह सहित कई किसानों ने बताया कि धान की रोपाई के समय मानसून की दगाबाजी से बारिश न होने की स्थिति में इलाके में किसानों के शतप्रतिशत खेतों में धान की रोपाई नहीं हो पाई है। अधिकांश किसान पंप के सहारे किसी तरह रोपाई करके बारिश के इंतजार करते रहे। बीच-बीच में थोड़ी बहुत बारिश तो कभी निजी साधनों के सहारे फसलों को अब तक बचाते चले आ रहे थे। लेकिन रेड़ के वक्त एक बार फिर से फसल सूखने लगी थी। इसे लेकर किसान जहां बादलों को निहार रहे थे वहीं उनके माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही थी। इसी बीच हथिया नक्षत्र में बारिश होने से उनकी उम्मीदें जग गई है तथा फसलों को बारिश ने संजीवनी का काम किया है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव पर डंडीला खुर्द में दिखेगा कोलकाता का दक्षिणेश्वर मंदिर

**पश्चिम बंगाल के कारीगर जोरशोर से लगे हैं पूजा पंडाल के निर्माण में**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बार के दुर्गा पूजा महोत्सव में यहां कलकता का प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर देखने को मिलेगा। दक्षिणेश्वर मंदिर के प्रारूप का पूजा पंडाल बनाने हेतु पश्चिम बंगाल से कारीगरों को बुलाया गया है। कारीगर पंडाल निर्माण हेतु पिछले पंद्रह दिन से जुटे हुए हैं। पूजा कमेटी की माने तो इस दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण में पांच से सात लाख रुपए का खर्च आयेगा। इससे पहले डंडीला खुर्द नवयुवक संघ की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में पुरानी पूजा कमेटी को भंग



करते हुए नए पूजा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विष्णु शुक्ला उर्फ डुलडुल शुक्ला को कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक शुक्ला को उपाध्यक्ष, दिनेश शुक्ला व आलोक शुक्ला को सचिव, विभूति शुक्ला,विकाश शुक्ला व शशिकांत शुक्ला को कोषाध्यक्ष, पुनीत शुक्ला व मंटू शुक्ला को संगठन मंत्री और पप्पू दुबे, प्रियांशु शुक्ला, नीरज शुक्ला व सोनू शुक्ला को चंदा प्रभारी बनाया गया। जबकि प्रो नंदलाल शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, शुशील शुक्ला, अरविंद शुक्ला, राशाविहारी शुक्ला, हेमेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, देवनारायण दुबे और चंचल शुक्ला को कमेटी के संरक्षक मंडली में शामिल किया गया है। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया.यहां बताते चलें कि डंडीला खुर्द नवयुवक संघ का दुर्गा पूजा महोत्सव बिश्रामपुर नगर परिषद का सबसे भव्य आयोजन माना जाता है।

# भाकपा माले के कद्दावर नेता किशोर कुमार के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले के ईमानदार छवि व गरीबों के हक और न्याय के लिए लगातार लड़ाई लड़ने के साथ एक ही पार्टी में सक्रिय रहने वाले कद्दावर नेता किशोर कुमार उर्फ पॉल फ्रांसिस के निधन की खबर मिलते ही उनके जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित उनके आवास पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं का तांता लग गया। सोमवार की शाम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी एवं गढ़वा के युवा समाजसेवी सह अंबालाल पेट्रोल पंप के संचालक अनु बाबू ने उनके आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने किशोर कुमार के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किशोर कुमार के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी कहा कि



किशोर कुमार के साथ मेरा पुराना लगाव रहा है। उनकी आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें और ईश्वर अपने श्री चरण कमलों में विश्राम मिले। परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति मिलें। पूर्व मंत्री ने कहा कि 1993 में किशोर कुमार हमारे साथ कई बार गरीबों के हक व न्याय के लिए आंदोलन की लड़ाई लड़े। कई बार उन्हें जेल भी जाना पड़ा लेकिन वह अपने सिद्धांतों पीछे नहीं हटे। वह अपने पार्टी में एक कद्दावर नेता थे। वास्तविक में उनके जैसा बुलंद वक्ता के साथ ईमानदार छवि और सम्मान व्यवहार करने वाले नेता नहीं मिलेंगे। सबसे बड़ी बात तो यह है कि राजनीतिक में कदम रखने के साथ अंतिम सांस तक एक ही पार्टी में कार्य करते रहे। मौके पर राज कुमार रजक, किशोर कुमार के पुत्र प्रकाश कुमार, पुत्रबधू सुनीता मिंज, देव कृति टोप्पो, (बड़ी बहू), अमोद कुमार, चंद्रकतु कश्यप, मनीष राज, दीपिका कुमारी, संगीता तिवारी, हनी उजाला, हर्ष राज, आर्यन कुमार, जिया जानवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुखिया पति पर कुआ के नाम पर 15000 रुपये लेने का लगाया आरोप

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलझिकि पंचायत के कोइन्दी ग्राम निवासी परवेज़ अंसारी ने एसडीओ आलोक कुमार को आवेदन देकर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी पर कुआ पास कर देने के नाम पर 15000 रुपये लेने तथा कुआ की जगह टीसीवी करने का आरोप लगाया है।एसडीओ को दिए गए आवेदन में परवेज़ अंसारी ने लिखा है कि मुखिया पति सुरेश भंडारी द्वारा मुझसे कुआ के नाम पर 15000 रुपये लिए थे। लेकिन कुआ न करा कर टीसीवी करा दिये। जिसका कोड संख्र्या कोड न0 7080902813232 है। टीसीवी के बारे में जब हम खेत पर गए तब पता लगा। जब मैंने पता किया तो पता चला कि उक्त टीसीवी में भी मुखिया के पुत्र द्वारा 20000 रुपये निकासी भी कर लिया गया है।जब कि टीसीवी के मामले में मुझे कोई भी जानकारी नही है।उसने एसडीओ से न्याय संगत करवाई करने का अनुरोध किया है।

# संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 4 अक्टूबर को हुसैनाबाद में प्रस्तावित संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की गई। इसे लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने मंगलवार को क्षेत्र के सतगावां, सियरभूंका, अररूआ, अंबा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संकल्प यात्रा में शामिल होने की अपील किया। इस दौरान भाजयुमो नेता ने कहा कि संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। मौके पर विनोद पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, दिनेश पासवान, अनुज कुमार, संतोष पासवान, शंभू यादव, विजय प्रजापति, अजीत कुमार, विपुल कुमार, निखिल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# गुरु गोष्ठी में दिए गए निर्देशों का पालन करें : बीईईओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** बीआरसी पंडवा में मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सचिव सह प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में बीईईओ हरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी शिक्षकों से विभागीय एजेंडा बताते हुए निर्देश के आलोक में सभी प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय में विद्यालय समय से संचालन करने का निर्देश दिया। जिन एजेंडे पर आज की गुरू गोष्ठी आयोजित की गयी उनमें से छात्रवृत्ति हेतु नया खाता खोलने एवं रेल प्रोजेक्ट कार्यक्रम पर देर तक चर्चा किया गया। इसके अलावा एमडीएम का एसएमएस सौ प्रतिशत तथा शिक्षकों का 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से विद्यालय के बच्चों का एविद्यवाहिनी पर एसएमएस करने, बेंच डेस्क क्रय करने, मानक के अनुसार बर्तन क्रय करने एसडीएमआईएस तथा कला उत्सव, आदि सहित अन्य विषयों पर आकलन करने उपरांत विद्यालय में मध्याह्न भोजन प्रतिदिन चलाने का दिशा निर्देश दिया गया।

# पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जोधन राम के पुत्र पंकज राम पिता जोधन राम के द्वारा दिनांक 17 सितबर को शहर थाना में आवेदन दिया गया कि 16 सितंबर को दिन 11 बजे के लगभग एक अज्ञात व्यक्ति खुद को ठेकेदार बताकर काम दिलवाने एवं ड्राइवरी लाइसेंस बनवा देने की बात कहकर उससे पांच हजार रूपया लिया तथा उसके मोटरसाइकिल पर सवार होकर डालटनगंज आया। डाल्टनगंज आने के बाद साहित्य समाज चौक के पास हमीदगंज जानेवाले रास्ते पर वादी से मोबाइल फोन बात करने का बहाना बनाकर तथा फोटाकॉपी करवाने के लिए बादी से मोटरसाइकिल लेकर चंपत हो गया। इस संबंध में शहर थाना



कांड संख्या 410 / 23 अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना तथा तकनीकि आधारित अनुसंधान के आधार पर वादी से चोरी किया गया रेडमी 4ए काला रंग का मोबाइल तथा अपाची मोटरसाइकिल संख्या जेएच 0एक्स 3419 को बरामद किया गया।तथा चोरी की मोबाइल की खरीदने वाले अपराधी की गिरफ्तारी की गयी। कांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की कारवायी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

### अष्टभूजी मन्दिर में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर हुई बैठक



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अन्तर्गत वार्ड सात के रेहला स्थित अष्टभूजी मंदीर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को धूम धाम से मानने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन और संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मती से उमेश चौधरी को कमेटी का तीसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। वही सुधांशु दिक्षित, शशी शंकर तिवारी व श्रीकांत दिक्षित को उपाध्यक्ष, रितेश दिक्षित को सचिव तथा रवि शंकर तिवारी व हीरा केशरी को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दिक्षित, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद रामचंद्र साव, कृष्णा गिरि, प्रिय व्रत सिंह, प्रमोद दिक्षित, समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, शिक्षक विनोद दिक्षित, अवध बिहारी पसवान साहित कई लोग मौजूद थे।

### मुखिया पति फारूक अंसारी पर लगा आरोप बेबुनियाद : ग्रामीण



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के मुखिया पति फारुख अंसारी के ऊपर यूट्यूबर इब्राहिम रजा के द्वारा जान से मारने की धमकी एक लिखित आवेदन रामगढ़ थाना में दिया गया। जिसकी भनक लगते ही बेड़मा बभंडी पंचायत के ग्रामीण मुखिया पति के साथ मिलकर पंचायत में बैठक किया जिसमें यूट्यूबर इब्राहिम रजा को भी इस बैठक में बुलाया गया लेकिन यूट्यूबर इब्राहिम रजा बैठक में नहीं शामिल हुआ और ग्रामीणों ने बताया कि यूट्यूबर का पैसा कमाने का जरिया बन गया है। पंचायत में मुखिया के द्वारा छोटे-मोटे सरकारी योजना के तहत जो भी काम होता है उसमें इब्राहिम रजा मुखिया से कमीशन की मांग करता है ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया की डिलरो के साथ भी पैसे की मांग करता है जिसमें डीलर बलकेश्वर राम ने बताया कि इब्राहिम यूट्यूबर द्वारा एक बोरा चावल और 20000 की मांग कर रहा था नहीं देने पर मुखिया के यहां गया और मुखिया शबनम निशा से मेरे खिलाफ लेटर पैड पर लिखकर मुखिया से मांगने लगा मुखिया ने कहा कि डीलर और ग्रामीण में बैठक हुई है जिसमें सभी लोग का सहमति मिल चुका है कि 6 अक्टूबर और 25 अक्टूबर तक राशन पूरा दे दिया जाएगा डीलर के द्वारा यह भी बताया गया था कि अगस्त सितंबर माह का राशन मे कटौती के कारण देरी हुई थी जो सही समय पर लाभुक के बीच राशन वितरण नहीं किया गया था।इसी बात को लेकर मुखिया पति फारुख अंसारी और युटुबर इब्राहिम रजा मे तू तू में में हो गया और यूट्यूबर इब्राहिम के द्वारा रामगढ़ थाना में मुखिया पति फारुख अंसारी के खिलाफ जान से मारने का लिखित आवेदन रामगढ़ थाना को दिया है एवं मुखिया पति फारूक अंसारी के द्वारा भी सरकारी काम में बाधा पहुंचाने एवम कमीशन के मांग करने और कमीशन नहीं देने पर वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डालने की धमकी देता है और कहता है कि ना आपको कमाने देंगे और ना हम कमाएंगे।

# दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने को लेकर श्री जय भामाशाह क्लब के तत्वाधान में बैठक का किया गया आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के सब्जी मार्केट में दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने को लेकर श्री जय भामाशाह क्लब के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद उर्फ बुलबुल ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष रजनी कांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि बैठक में आकर्षक भव्य पूजा पंडाल आकर्षक लाइटिंग के द्वारा सजावट किया जायेगा। एकम से संध्या समय महा आरती प्रतिदिन होगा। नवमी को कन्या पूजन के बाद महा भंडारा, दशहरा के दिन भव्य भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंडाल, प्रतिमा सहित अन्य बिंदुओ पर क्रमवार चर्चा करते हुए अंतिम रूपरेखा तय की गई। बैठक में क्लब का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें में संरक्षक के रूप में भारत भूषण प्रसाद, ओम प्रकाश मुन्ना, कामेश्वर प्रसाद, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, अशीष कुमार सोनू, अशीष गुप्ता, संतोष कुमार, विकाश कुमार शालू, चंदन गुप्ता का नाम शामिल है। वहीं सर्वसम्मति से बिरेन्द्र प्रसाद अग्रहरि को अध्यक्ष, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को कार्यकारी अध्यक्ष, अजित कुमार केशरी और सूरज गुप्ता को उपाध्यक्ष, नित्यानंद कुमार को सचिव, अनिल मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ऋतुराज जायसवाल, छन्नूलाल, शिवम कुमार, प्रिंस राजू, अशीष कुमार विशाल, सत्यप्रकाश, दिनेश जायसवाल, अमित अग्रहरी, बंटी केशरी, दिनेश गुप्ता, अविनाश कुमार, हिमांशु रंजन, अविनाश छोटू, अक्षय, क्रिश, आयुश रंजन ऋ तिक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में जय भामाशाह क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नहीं रहें गरीबों के हक व न्याय की लड़ाई लड़ने वाले कद्दावर नेता किशोर कुमार उर्फ पॉल फ्रांसिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** भाकपा माले के कद्दावर नेता व कमेटी के पूर्व जिला सचिव किशोर कुमार उर्फ पॉल फ्रांसिस 84 वर्ष का शनिवार के देर रात्रि में रांची रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जिले में भाकपा माले और उनके साथियों में शोक छा गया है। सोमवार को रांची रिम्स से उनके आवास श्री बंशीधर नगर स्थित अंबालाल पटेल पेट्रोल पंप पर लाया गया। जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ो नेताओं पहुंचे। इस दौरान लोगों ने श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार न्याखांड स्थित मिशन के मोक्षधाम में क्रिश्चियन रीति रिवाज से किया गया। किशोर कुमार कुछ समय से बीमार चल रहे थे। दो दिन पहले ही ज्यादा तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उन्हें गढ़वा ले गए, वहां से डॉक्टर ने उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहां उनके इलाज



के दौरान शनिवार को 11:30 बजे रात्रि में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ चले गए। 2 माह पूर्व उनकी पत्नी का भी निधन हो गया था।बताते चले की किशोर कुमार 1986 से अंतिम समय तक भाकपा माले में एक कद्दावर नेता के रूप में राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे। अधिक उम्र और स्वास्थ्य संबंधी कारणों के बावजूद उन्होंने अपने पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया। राजनीति में गरीबों के हक अधिकार दिलाने के साथ साथ जंगल से जमीन तक का सफर तय करने वाले भाकपा माले के कद्दावर नेता के तौर पर स्थापित किशोर कुमार उर्फ पॉल फ्रांसिस की तूती बोलती थी।कई बार तो उन्हे आंदोलन में पुलिस की लाठी और जेल की रोटी भी खाना पड़ा। बावजूद वे अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटे। भाकपा माले के नेताओं ने दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया है। नेताओं ने कहा कि प्रदेश में एक बड़ा राजनीतिज्ञ को दिया है। राजनीतिक जगत को उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। राजनीति में कदम रखने वालों ने उनसे लगातार प्रेरणा ली है। गढ़वा जिले में अपने पार्टी के लिए काम करने वाले और सच्चाई के लिए लड़ने वाले नेता थे और उनका निधन एक बड़ा झटका है। वे पिछले 33 वर्षों से एक ही पार्टी में सक्रिय रहने वाले पहला नेता है।

**संक्षिप्त खबरें**

### इंडियन बैंक के हिन्दी पखवाड़ा का हुआ समापन

**रांची।** इंडियन बैंक अंचल कार्यालय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह इंडियन बैंक के राँची अंचल कार्यालय में 14 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाई गई। जिसके तहत 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 14.09.2023 को हिन्दी दिवस के दौरान गृहमंत्री अमित शाह एवं अंचल प्रबंधक एआर बोखारी के संदेश का वाचन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंचल प्रबंधक, एआर बोखारी की अध्यक्षता में 03.10.2023 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अंचल के उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य माजूद थे। अंचल कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अंचल प्रबंधक ए आर बोखारी एवं उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार के कर कमलों से पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ओम प्रकाश वर्मा द्वारा किया गया।

### झारखंड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता सात अक्टूबर को

**रांची :** झारखंड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन सात अक्टूबर को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित वेटलिफ्टिंग हॉल में होगा। इस संबंध में मंगलवार को झारखंड स्टेट वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार जायसवाल ने बताया कि सभी वर्गों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की टीमों ने अपने भाग लेने की सहमति प्रदान की है। इस दिवसीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## जाम मुक्त कराने के लिए एसएसपी व ट्रैफिक पुलिस ने संभाला मोर्चा



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में हो रहे जाम से आम जन कराह रहा है और यह समस्या आज से नहीं लंबे सालों से है।कई बार नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रुप से अभियान चला चुकी है। बावजूद इसके इसमें कोई सुधार नहीं है। जाम की समस्याओं की शिकायत आए दिन मिल रही है। सड़क पर फुटपाथ लगने से जाम की समस्या और बढ़ गई है। इन सब समस्याओं को देखते हुए मंगलवार को दोपहर में एसएसपी चंदन सिन्हा ने खुद सड़क पर उतरकर मोर्चा संभाला।

**कौन-कौन थे इस अभियान में:** दुर्गा पूजा नजदीक है ऐसे में रांची में काफी भीड़ होती है।जाम होने से लोग काफी परेशान रहते हैं। इन सब को देखते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने सिटी एसपी प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, कपिंद्र उरांव सहित कोतवाली थाना प्रभारी, लालपुर थाना प्रभारी, सदर थाना प्रभारी ,डेली मार्केट थाना प्रभारी, लोअर बाजार थाना प्रभारी, चुटिया थाना प्रभारी , डोरंडा थाना प्रभारी, सुखदेव नगर थाना प्रभारी सहित तीनों थाना के ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम की टीम शामिल थी। पहली बार ऐसा है कि इतने सारे पुलिसकर्मी एक साथ रांची शहर में जाम मुक्त कराने के लिए सड़क पर उतरें थे।अब इसमें इन्हें कितना सफलता मिलेगी यह दो-चार दिन में देखने को मिलेगी।

**मेन रोड पर चला अभियान:** एसएसपी चंदन सिन्हा ने पदभार संभाला और सिटी एसपी राज कुमार मेहता को यातायात एसपी का प्रभार दे दिया गया। प्रभारी एसपी राजकुमार मेहता ने रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण किया और सभी लोगों को पंपलेट देकर उन्हें चेतावनी दी कि वह अब फुटपाथ पर दुकान ना लगाएं, सड़क पर अपनी दुकानें कोई यदि लगाएंगे तो जुर्माना काटा जाएगा। सामान भी जप्त कर लिया जाएगा। इस मुहिम में ट्रैफिक डीएसपी जीत वाहन उरांव, कपिंद्र उरांव और कोतवाली डीएसपी भी शामिल थे। बावजूद इसमें जो सुधार होना था वह होता हुआ नहीं दिख रहा था। इन सब समस्याओं को देखते हुए एसपी चंदन सिन्हा ने खुद मोर्चा संभाला और शाहिद चौक से लेकर शाहिद अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक होते हुए ऊल हाउस तक अभियान चलाया। वहीं दूसरी और नागा बाबा खटाल से लेकर किशोरी यादव चौक तक अभियान चलाया। इस दौरान दातुन, पत्तल बेचने वाले से लेकर ठेला, खोमचा वाले तक को हिदायत दी गई। कई लोगों के सामान भी जप्त किए गए और कई लोगों का जुर्माना भी काटा गया।

**दो लाख कांटा गया जुर्माना:** खबर लिखे जाने तक शहीद चौक से लेकर ऊल हाउस और नागा बाबा खटाल से लेकर किशोरी यादव चौक तक सड़क पर फुटपाथ लगाने वाले दुकानदारों का जुर्माना काटा गया लगभग 2,95,500 रुपए ।

**क्यों लगता फुटपाथ दुकान:** झारखंड की राजधानी है रांची और शाहिद अल्बर्ट एक्का चौक हृदय स्थली है।यहां पर सभी लोगों का आना-जाना लगा रहता है।फुटपाथ दुकान से रांची शहर और खूबसूरत लगता है।लेकिन यह बेतरतीब ढंग से सजाया गया है , जिस कारण से जाम की समस्या पैदा हो रही है।खासकर मेन रोड में जो सड़क है, उस पर ही अपना दुकान लगा देते हैं। चादर बिछाते हैं और उसमें कपड़ा,बैग, चूड़ी, खिलौना सहित पतल ,दातुन, बर्तन लगाकर बेचने लगते हैं।स्कूल बसे, सिटी बसे जैसी बड़ी वाहनों के कारण भी जाम लगता है।ठेला खोमचा वाले भी सड़क के ऊपर ही दुकान लगाते है।इतना ही नहीं जो दुकानदार है वह भी अपना सामान दुकान में ना रख कर दुकान से बाहर नाली के ऊपर स्लैब और कुछ लोग सड़क पर लगाते हैं । पार्किंग नहीं होने के कारण भी दुकान के सामने वाहन खड़े करते हैं ,इस कारण से भी जाम की समस्या होती है। सबसे बड़ी बात की कई दुकानदार वाले भी जाम लगाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कई मॉल वाले का पार्किंग है ही नहीं , वह अपने दुकान के बाहर ही वाहनमोटरसाइकिल खड़ी करवाते हैं। इसके अलावा जो बड़े दुकानदार हैं। उसका जो सामान बिक्री नहीं हो पाता वह भी फुटपाथ वाले को अपना सामान दे देते हैं और उसे रोड पर दुकान लगवा देते हैं। कुछ लोग अपने दुकान के बाहर ही दुकान लगाने के लिए अनुमति दे देते हैं। इस तरह से भी सड़क पर लोग जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं।

**नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की मिलीभगत से लगता है दुकान:** कई बार यह खबरें आ चुकी है कि जब पुलिस पदाधिकारी जाम मुक्त अभियान चलाने की जिम्मेदारी देती है तो नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाती है। अभियान के बाद फिर से वहां दुकान वहीं फुटपाथ पर फिर से सज जाती है। इतना ही नहीं कई फुटपाथ दुकानदार वाले को अटल वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित कर दिया गया है । जिसको वहां दुकान मिला है उसके परिजन भी फुटपाथ पर बैग ,चूड़ी ,कपड़ा इत्यादि बेच रहे हैं और यह निगम को पूरी जानकारी होती है बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। बताया तो यह भी जाता है कि निगम के कई पदाधिकारी मिलकर फुटपाथ दुकान लगवाते हैं और उसे महीना पैसा भी उठाते।

**क्या होना चाहिए:** पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए जितनी दुकानें हैं उसके पास पार्किंग नहीं है,जो ठेला खोमचा वाले हैं वह अपने ठेला खोमचा का साइज को थोड़ा छोटा बनाएं। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले सफेद लाइन के अंदर दुकान लगाये , जो दुकानदार फुटपाथ वाले को अपना सामान बेचने के लिए देते हैं ऐसे दुकानदार वालों पर जुर्माना लगाए, यहां पर वैसे जरूरतमंद गरीब को ही दुकान लगाएं जिसका रोजगार का कोई जरिया नहीं है।

## जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्र कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है। साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना ,राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझ रही है।

## हाजी हुसैन अंसारी की पुण्यतिथि पर मरीजों के बीच फल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता, झारखंड अल्पसंख्यक मंत्री रहे दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चाहने वालों ने अंजुमन अस्पताल रांची में मरीजों के बीच फल वितरण किया ।



इस मौके पर झारखंड पासमंदा मुस्लिम महाज ने मुख्य रूप से मरीज के बीच पहुंचे , उनका हाल-चाल जाना और फल का वितरण किया। बरसात के दिनों में अपने घरों और आसपास में साफ सफाई रखने के लिए सभी से गुजारिश किया। साथी अस्पताल प्रबंधन से भी मरीजों में खास कर जो गरीब , कमजोर परिवार से मरीज भर्ती है उनके लिए विशेष रूप से ध्यान देने की अपील की । इस मौके अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, हाजी मिन्हाज, नौशाद अंसारी ,इमरान हसन , अतिकुर रहमान, मोहम्मद शकील, राशिद जमाल, अली अहमद, नसीमुल ,अरशद, आजाद कुरैशी सहित कई लोग शामिल थे।

## आर्यभट्ट सभागार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार से हमारे डायनेमिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर हटाना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निन्दनीय है।ये सीधे सीधे आदिवासी एवं झारखंडियों के सम्मान और अस्मिता पर हमला है। उक्त बातें जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कहा। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मध्य प्रदेश में बीजेपी द्वारा हमारे आदिवासियों भाइयो के सर में पेशाब करने का काम किया। मणिपुर में महिलाओं के इज्जत के साथ खिलवाड़ किया गया। भाजपा वाले आदिवासी समाज को नीचा दिखाने का काम करती है और अब हमारे ही राज्य में हमारे आदिवासी



मुख्यमंत्री का फोटो हटाना, उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने मान सम्मान और अस्मिता की रक्षा करना है तो आर एस एस विचारधारा वाली पार्टियों को पूरे देश से खेदड़ने के लिए गोल बंद होना होगा।

## जोर-शोर से हो रहा है रिसालदार बाबा के उर्स की तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामेश्वर नाथ आलोक एडीएम ला एंड ऑर्डर के नेतृत्व में रांची प्रशासन ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा डोरंडा के लगने वाले 216वां उर्स की तैयारीयों का मुआयना किया।रिसालदार शाह बाबा , डोरंडा का प्रत्येक वर्ष लगने वाला पारंपरिक उर्स में जायरीनों की सहूलत के लिए व्यवस्था एवं साफ सफाई, सीसीटीवी कैमरा, चलंत शौचालय, ट्रैफिक कंट्रोल इत्यादि और अन्य व्यवस्थाएं प्रशासन की ओर से की जाती रही है। इस वर्ष भी प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है। रांची प्रशासन की टीम में उप निगम प्रशासक, ओवर ब्रिज



निर्माण के इंजीनियर एवं ठेकेदार,विद्युत विभाग के एसडीओ,जेई एवं कर्मचारीडोरंडा थाना के थाना प्रभारी, नगर निगम के सुपरवाइजर एवं जोनल मैनेजर एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों की भी मौजूदगी रही। सदर अयूब गद्दी एवं सेक्रेटरी मोहम्मद जावेद अनवर ने उर्स की तैयारी के विषय में प्रशासन से पूर्ण सहयोग मांगा।जिसे प्रशासन ने पूरा-पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है।उपाध्यक्ष रिजवान अहमद एवं बिलाल अहमद, सचिव मोहम्मद सादिक एवं जुल्फिकार भुट्टो ने कांग्रेस नेता विनय सिंन्हा दीपू की प्रशासन के साथ उपस्थित के लिए विशेष धन्यवाद दिया। मुमताज गद्दी,अनीश गद्दी प्रोफेसर जावेद अहमद खान आफताब गद्दी,आसिफ नईम,अब्दुल खालिकऔर दरगाह कमेटी के अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने मिलकर प्रशासन के साथ चादरपोशी कराई और बाबा से दुआ किया कि उर्स मेला ऐतिहासिक हो और काफी सुचारू रूप से कामयाब हो।

## मुस्लिम समुदाय में पिछड़ेपन का मुख्य कारण शिक्षा की कमी है : अब्दुला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एसोसिएशन आफ मुस्लिम प्रोफेशनल झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमे मुस्लिम समाज में व्याप्त शैक्षिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के कारणो पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि ए एम पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (एन जी ओ कनेक्ट) फारुख सिद्दीकी ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा ही इस समस्या से निजात दिला सकता है, ए एम पी के द्वारा आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को 17 करोड़ रूपए की छात्रवृत्ति दी गई है। और भी कई योजनाओं पर संस्था काम कर रही है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन का एकमात्र कारण अशिक्षा है और उसको दूर करने के लिए अपने समाज के बच्चों को शिक्षा व रोजगार के लिए हुनर सिखाना बेहद ही ज़रूरी है ! साथ ही सोशल सेक्टर में कॅरियर की संभावनाएं एवं व्यक्तित्व निर्माण व संवैधानिक मूल्यों पर भी अपनी बाते रखी। बिहार चैप्टर के प्रमुख रेयाज आलम ने स्वागत भाषण में संस्था का परिचय देते हुए बताया कि पुरे भारत में ए एम पी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर काम कर रहा है।

संस्था के मेम्बर योजनाओं को लागू करने में दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मुसलमानों को शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से पिछड़ेपन से उबारने के लिए शिक्षा की ज्योति जलाने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षकों को ईमानदारी से न केवल स्कूलों में पठन-पठन करना होगा बल्कि स्कूलों के पोषक क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूलों से जोड़ना होगा। यह भी देखना होगा कि नामांकन के बाद बच्चों का स्कूलों में ठहराव हो ।

ए एम पी झारखंड राज्य अध्यक्ष बनाए गए अब्दुला इकबाल ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को बखूबी निभायेंगे और पुरे झारखंड में ए एम पी में के योजनाओं को सफल क्रियान्वयन हेतु हमेशा प्रयासरत रहेंगे। उन्होने कहा कि मुस्लिम समुदाय में पिछड़ेपन का मुख्य कारण शिक्षा की कमी है।

## मंदिरों एवं अखाड़ो में पूजा अर्चना कर महावीरी पताका लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित के आवाहन पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राँची के सभी प्रमुख मंदिरों एवं अखाड़ो में पूजा अर्चना कर महावीरी पताका लगाया गया ।श्री महावीर मंडल राँची के आवाहन पर विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल झारखंड के द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा (08 अक्टूबर 2023) में हजारों की संख्या में अखाड़ो एवं मंदिरो में स्थापित महावीरी पताका एवं गाजे बाजे के साथ शामिल होंगे ।

पूजा अर्चना में श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा , मंत्री कैलाश केसरी , सुजीत सिंह , गोपाल पारीक , कैलाश पारीक , लंकेश सिंह , टिंकू महतो , राहुल कुमार दुबे , रंजीत चौरसिया , इंदर सिंह , रोहित राज पांडेय , प्रीतम सिंह मुन्ना शामिल थे ।

## लायंस क्लब ने 200 बालिकाओं के बीच बांटे सेनेटरी पैड

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने कांके स्थित बिरसा उच्च विद्यालय के 200 बालिकाओं के बीच मंगलवार को सेनेटरी पैड का वितरण किया। संस्था की ओर से बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 200 सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन आशुतोष द्विवेदी और राजीव रंजन, नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा,पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल, स्कूल की प्राचार्या सुषमा तिवारी,सोनू कुमार, नरेश कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट जारी करने पर बिहार सरकार बधाई की पात्र : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट जारी किए जाने पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आभार प्रकट किया एवं इस मुद्दे पर कहा की बिहार राज्य को यह जनगणना करवाने के लिए इसलिए मजबुर होना पड़ा क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना करवाने की विपक्षी दलों की मांग को खारिज कर दिया था। भाजपा की नीति और नियत देश के पिछड़ों, दलितों,आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ रही है। यही कारण है कि मोदी सरकार पूर्व की यूपीए गठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2011 में करवाए गए सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना (एस.ई.सी.सी.) की रिपोर्ट को आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया। इस जनगणना से संकलित जानकारी का उपयोग राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और संस्कृतिक नीतियों को बनाने और प्राथमिकता निर्धारित करने के लिए किया जाना था परंतु ऐसा नहीं किया गया। इसका खामियाजा आज देश भर की बहुसंख्यक पिछड़ी जाति के लोगों को उठाना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष डॉ. महतो ने कहा कि वर्तमान समय में देश में आरक्षण की अधिकतम सीमा जो 50 प्रतिशत निर्धारित है, उसे भी बढ़ाया जाना चाहिए और और इसे आबादी के अनुसार किया जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष डॉ.महतो ने झारखंड राज्य के परिपेक्ष्य में कहा कि झारखंड सरकार में शामिल सभी दलों की मंशा साफ है कि अगर केंद्र सरकार अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की है हठधर्मिता करती है तो बाध्य होकर झारखंड सरकार भी बिहार सरकार की तर्ज पर जनगणना करवाएगी। लेकिन इससे पूर्व भाजपा और एनडीए के घटक दलों को इस मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ करना चाहिए। सिर्फ पिछड़ी जातियों का हिमायती होने का दिखावा करने से अब काम चलने वाला नहीं है क्योंकि वे अब अपने हक-अधिकार के लिए जागरूक हो चुके हैं।

## रांची में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर मूर्तियों को मूर्त रूप देने में जुटे कारीगर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण का निर्माण हो रहा है। रांची के अलबर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से सप्तमी को आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना की जाएगी। यह आराधना बनारस के विद्वान पंडितों की ओर से किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि कई महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी। जबकि पंडाल के अंदर की सज्जा हस्त



निर्मित कमल फूल की आकृति से किया जाएगा। जबकि बाहर मुख्य द्वार पर मां के नेत्र की आकृति लगाई जाएगी। सनातन धर्म और हिंदुत्व का बोध भक्तों को कराया जाएगा। मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगरों के जरिये बनाया जाएगा। इसमें मां दुर्गा अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाली हुई है। सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी। पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकारों के जरिये दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से होगी।

साथ ही भारत माता के थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही षष्ठी के दिन प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह अपने गानों से श्रद्धालुओं को झुमाएंगे। दुर्गोत्सव में लगभग 30 लाख रुपए खर्च का अनुमान लगाया गया है।

## नवाब चिश्ती के खिलाफ सीआईडी ने कई सबूत इकट्ठा किए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दस जून 2022 रांची हिंसा के दौरान डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाए गए नवाब चिश्ती के खिलाफ सीआईडी ने कई सबूत इकट्ठा किए हैं, जिसके आधार पर अब नवाब चिश्ती को रांची हिंसा से जुड़े उस केस में भी आरोपी बनाया गया है, जिसमें भीड़ द्वारा मंदिर में तोड़-फोड़ और पुलिस बल पर फायरिंग का केस दर्ज किया गया है। उसने रांची सिविल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगाई थी, लेकिन उसे बेल देने से निचली अदालत और हाईकोर्ट इंकार कर चुका है। सीआईडी के डीएसपी ने कोर्ट में आवेदन देकर उसे डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 में आरोपी बनाने का आग्रह किया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। डेली मार्केट थाना में रांची हिंसा के बाद कांड संख्या 17/2022 दर्ज की गई थी।

इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि सोची समझी साजिश के तहत दस जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़ फोड़ की गई। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गई और उन पर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पिपरवार में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र में चारों ओर पानी ही अपनी नजर आ रहा है।क्षेत्र के सभी कुआ और तालाब मे पानी भर गया है। जबकि कोयलांचल क्षेत्र की दो प्रमुख नदी दामोदर और सपही नदी का जलस्तर बढ़ जाने से उसमें बाढ़ आने का खतरा मंडरा रहा है।जानकारी के अनुसार 30 सितंबर की रात से कोयलांचल क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही है।इस दौरान बचरा सपही नदी के छ्लटा पुल के ऊपर से पानी का बहाव होने के कारण घंटो उक्त मार्ग पर आवागमन भी बाधित रहा।नदियों का लगातार जल स्तर बढ़ने से नदी के अगल-बगल रहने वाले लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी है।इधर बचरा रेलवे पुल और बचरा बस्ती के रेलवे पुल में भी पानी भर जाने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बचरा रेलवे पुल से लोग राय रेलवे स्टेशन और राजधानी रांची के लिए आवागमन करते हैं जबकि बेचारा बस्ती रेलवे पुल से लोग रामगढ़ पतरातु हजारीबाग आदि जगहों के लिए आवागमन करते हैं।उक्त दोनों रेलवे पुल में पानी भरने से दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के कई सड़कों की सूरत बिगड़ गई है।बहेरा कल्याणपुर मुख्य मार्ग पर जल जमाव होने से लोग परेशान है,जबकि क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है।बारिश के कारण क्षेत्र के बाजारों की रौनक भी काम हो गई है।वहीं बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर देखी जा रही है।



## बारिश में गिरा घर, बाल-बाल बचे घर के सदस्य

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन चार दिनो से रही लगातार वारिश से सोमवार की देर शाम पुरियो पंचायत के चुटू टोली गांव निवासी सुनीता देवी का कच्चा घर का एक हिस्स भरभरा कर गिर गया। गृह स्वामी सुनीता देवी ने बताय कि जिस समय घर के एक हिस्सा गिरा घर के लोग रसोई में थे। छप्पर की चरमराने की आवज आने पर किसी तरह मैं और बच्चो को दूसरे तरफ ले जा कर जान बचाई। घर के गिरने से घरेलू उपयोग के समान भीग कर बर्बाद हो गए हैं। पंचायत के मुखिया व प्रमुख सह पंचायत समिति ने विभाग से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।



## गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर दिनांक 2 अक्टूबर, 2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे इलेक्ट्रिक इक्यूपमेंट वर्कर्स यूनियन, टाटीसिलवे, रांची के सम्मानित अध्यक्ष एवं खिजरी विधायक माननीय श्री राजेश कच्छप यूनियन कार्यालय के प्रांगण में झंडोत्तोलन किया तथा महात्मा गांधी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जे पी के एन बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं स्वच्छता पर एक नाटिका प्रस्तुत किया । लोक प्रिय विधायक द्वारा एकुप्रेस परिषद मे सारानीय कार्य करने के लिए बलराम महतो, प्रीति कुमारी, रुकमणि कुमारी, सरस्वती कुमारी,लपन कुमारी,महेश कुमार, नरेश कुमार को एकुप्रेसर रत्न से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । विधायक ने अपने संबोधन मे कहा कि गाँधी जी एवम शास्त्री जी की सच्ची श्रद्धांजलि सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता, जय जवान, जय किशान के नारे को बुलंद करना है। इस शुभ अवसर पर अशोक मिश्रा, डॉक्टर मधुसूदन पांडे, प्रमुख अंगडा दीपा उराव,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, किस्टो उराव,पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा,अर्चना मिश्रा,एम एम मिश्रा,संजय प्रसाद,जितेंद्र कुमार, सचिन नायक,शिवधन गोस्वामी,सकिद अंसारी, प्रदीप पांडे,छोटेलाल इत्यादि उपस्थित थे।



## बचरा उत्तरी पंचायत में ग्राम सभा का हुआ आयोजन,कई योजना पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने किया।ग्राम सभा में कई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।बैठक में छः प्रस्ताव को पास किया गया,जिसमे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड,मातृत्व स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य,नियमित टीकाकरण,राष्ट्रीय रोग सहित अन्य कई योजना पर चर्चा की गई।मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना का लाभ पंचायत के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाया जाएगा।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर अंतोदय कार्ड,पीएच कार्ड,ग्रीन कार्ड धारियो से आयुष्मान कार्ड के लिए फॉर्म भरने की अपील की।साथ ही समय पर टीकाकरण पर भी चर्चा की गई।बरसात के इस मौसम में क्षेत्र के लोगों से अपने-अपने घरों और आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की भी अपील की।इस मौके पर कई पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



## पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय में कोयला मजदुरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोयला मजदूरों ने विशाल विरोध प्रदर्शन किया।पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना में कार्यरत कोयला मजदूर बीओसीएम हनुमान मंदिर के समक्ष जमा हुए और संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में रैली की शक्ल में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे,जहां जोरदार नारों के साथ रैली सभा में तब्दील हो गई।इस सभा की अध्यक्षता एटक के मुद्रिका प्रसाद और संचालन सीटू के इस्लाम अंसारी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग में मजदूरों का 11वां वेतन समझौता ऐतिहासिक हुआ है और वेतन समझौता का लाभ भी मिल रहा था,लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर वेतन समझौता को रद्द करा दिया गया,जिससे कोयला मजदूरों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों के द्वारा 12 से 14 अक्टूबर तक कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई है।हड़ताल से पूर्व सीसीएल के सभी क्षेत्रो के महाप्रबंधक कार्यालय में संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में कोयला मजदूरों का विशाल प्रदर्शन हुआ,जिसमें कोल इंडिया प्रबंधन और ऑफिसर एसोसिएशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।यदि जल्द वेतन समझौता लागू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।वहीं सभा के दौरान सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने और तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।

## भाषा और संस्कृति हमारी पहचान है इसको बचाना हमारा धर्म है : डॉ. राजाराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी टुंगरी पार्क मेन गेट के समीप सोमवार के दिन करम मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बंगाल एवं झारखंड के नामी कलाकारों द्वारा करम गीत प्रस्तुत किया गया। करम गीत से पुरा आखड़ा गुंजामय हो गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित हुए एवं लोगों को करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिए।इस मिलन समारोह कार्यक्रम मे कुरमाली भाषा परिषद डॉ राजाराम महतो भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा की करम पर्व झारखंड का प्रमुख त्योहार है। बहन अपने भाई की रक्षा के लिए यह पर्व करती है साथ ही कहा की अपनी भाषा एवं संस्कृति को बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य है ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से एकजूटता बनती है। कार्यक्रम से पूर्व करम डाली की स्थापना की गई। बंगाल झारखंड से आए हुए कलाकार अंबा रानी महतो, लखी दास लोहरा, नमिता महतो, दिनेश महतो ने एक से बढ़कर एक करम गीत प्रस्तुत किए।करम गीत पर विधायक सुदेश कुमार महतो एवं डॉ राजाराम महतो ढोल नगाड़े के बीच सभी के साथ मिलकर झुमने पर मजबूर हो गया।मिलन समारोह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। समापन के पूर्व कई लोगों को सम्मानित भी किया गया।



## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया गांवों का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को जामटोली पंचायत के हुटार गांव व केशा पंचायत के केशा टिकरा टोली का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक गाँव के ग्रामीणों से मुलाक़ात कर गांव की मुलभुत एवं आधारभुत समस्याओ की जानकारी लिया और उनका जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही विधायक ने यह भी ग्रामीणों से कहा कि हम सब एक ही विचार धारा के है और हम सभी को एक विचारधारा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के आधारभुत संरचना के विकास के साथ वहाँ की समस्याओ का समाधान और ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के प्रति हमेशा एक साथ चलना है। इसके लिए आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की सरकारी योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया और उसका लाभ लेने को कहा। मौक़े पर उप प्रमुख मोद्दसीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मो0 समशाद, मो0 फहीम, मुखिया अंजू कच्छप, पंचायत समिति सदस्य सहिस्ता परवीण, पुनाई उरांव, प्रेमचंद, बुधराम लोहरा, बुधवा उरांव, वार्ड सदस्य फुलकुमारी लकड़ा, एकरार, सुनील उरांव, सुनीता मिंज, पहान विरसा उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## खादी ग्रामोद्योग केंद्र टाटीसिल्वे में गांधी जयंती मनाई गई

**नामकुम :** खादी ग्रामोद्योग केंद्र टाटीसिल्वे मे धूम धाम से परम पूज्य गाँधी एवम शास्त्री जी कि जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भा ज पा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा थे। उन्होंने सबसे पहले उनके चित्र श्रद्धा सुमन अर्पित किये । उन्होंने ने कहा कि इन महान विभूतिओ कि सच्ची श्रद्धांजलि सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता के साथ लोकल फॉर भोकल को अपनाना होगा । इस अवसर पर राजेंद्र प्रमाणिक, पूर्व महामंत्री सरजग प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष गाजु महतो, अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा,राजन साहू, श्री दाम सिंह मुंडा, चंद्रेश सिंह, बबलू सिंह, कर्नल बी के सिंह,ए के श्रीवास्तव, जेड रहमान, मुकेश प्रसाद, रंजन प्रसाद,गिरिधर मिश्रा,इत्यादि मौजूद थे ।

## वंचित न रहे वन अधिकार से योग्य लाभुक : बीडीओ

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को वन अधिकार अधिनियम , प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य विकास योजना को लेकर बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार ने वन अधिकार अधिनियम के तहत विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में जहां वन क्षेत्र आता है वहां ग्राम सभा के माध्यम से वन अधिकार समिति का गठन किया जाना है। गठित इस 15 सदस्य समिति में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। इसी समिति द्वारा वन क्षेत्र में रह रहे या भूमि के उपयोग करने वाले व्यक्तियों का अनुशंसा किया जाना है। आदिवासी जनजातीय परिवार के ऐसे व्यक्ति जो 2005 या उससे पूर्व से वन क्षेत्र में रह रहे हो या भूमि का उपयोग कर रहे हैं प्रमाण के साथ समिति के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। जबकि गैर आदिवासी व्यक्ति व परिवार जो विगत तीन पीढ़ियों से या 75 वर्षो से वन क्षेत्र में रह रहे हैं यह भूमि का उपयोग कर रहे हो ऐसे व्यक्तिय भी प्रमाण के साथ अपना दावा ग्राम वन अधिकार समिति को आवेदन के माध्यम से पेश कर सकते हैं। वन अधिकार समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच कर इसकी अनुशंसा किया जाना है। बीडीओ ने इस संबंध में महत्व महत्वपूर्ण तिथियां की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टुबर तक वन क्षेत्र में पड़ने वाले सभी गांव में वन अधिकार समिति का गठन किया जाना है। 8 से 20 अक्टुबर तक वन भूमि में रहने या उपयोग करने वाले व्यक्तियों द्वारा आवेदन दिया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अन्य से आग्रह किया है कि योग्यता रखने वाले कोई भी व्यक्ति वन अधिकार से वंचित न रहे। इधर मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रत्येक गांव में 150 से अधिक मजदूरों को कार्य देने, प्रत्येक गांव में पांच योजनाओं का संचालित करने एवं एबीपीएस के माध्यम से श्रमिकों का भुगतान करने को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अतिरिक्त 15वें वित के तहत प्रखंड में जारी विभिन्न योजनाओं का समीक्षा कर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहां की इन योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही। मौके पर मुखिया रमेश उरांव, सुशांति भगत, नीरज कुजूर, बीपीओ संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारुख नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम अंसारी, दुर्गा टाना भगत , अभय आशीष कोया के अलावे कई पंचायत के पंचायत सचिव, जनसेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## गांधी मेला का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर गाँधी मेला आयोजन समिति द्वारा भव्य गाँधी मेला का आयोजन ई ई एफ मैदान टाटीसिल्वे मे किया गया। मेला का उद्घाटन खिजरी के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के द्वारा बापू एवम शास्त्री जी के चित्र पर श्रधा सुमन अर्पित कर एवम फीता काटकर किया गया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने कहा की जाति, लिंग, धर्म से उपर उठकर सत्य अहिंसा, सत्याग्रह के बल पर इन दो महान ने अंग्रेजो को भगाया है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, एतवा उराव,शिवधन गोस्वामी, प्रधान किस्टो कुजुर,पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा,अशोक मिश्रा, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन,डॉक्टर मधु सूदन पांडे,सनील जाय इत्यादि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रामेश्वर नाथ मिश्र, बाबुराम महली, शंकर राम,मनोज महली, बंटी नायक, भूणेश्वर महतो, गोलू कुम्हार, श्रीधर मिश्रा, शंकर पाहन, राजेंद्र साहू, अजय हज़ाम इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मेला का मुख्य आकर्षण छौ ,खोरहा नृत्य रहा। इस अवसर पर आसपास के सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा) (जिला खेल कार्यालय)
Email id- sportsgumla@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा संबंधित शुद्धि पत्र**

जिले मे संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में भोजनादि की व्यवस्था/कैटरर के चयन हेतु ज्ञापांक 490/क्री० दिनांक 26.09.2023 के आलोक में प्रकाशित निविदा संख्या 307685 के द्वारा प्रकाशित निविदा की शर्ते के

1. कंडिका 3 "व्यक्ति/संस्था/फर्म/कैटरर का वार्षिक टर्न ओवर कम से कम 30 लाख रू० का होने से संबंधित प्रमाण पत्र" के स्थान पर फर्म/कैटरर का 3 वर्षो का औसतन वार्षिक टर्नओवर कम से कम 30 लाख रू० का होने से संबंधित प्रमाण पत्र।
2. पहला लिफाफा के कंडिका G "विगत 3 वित्तीय वर्ष 2020–21,21–22 एवं 2022–23 का आयकर रिर्टन की स्व अभिप्रमाणित एवं लगातार 3 वर्षो का चार्टडे अकाउटेन्ट द्वारा अभिप्रमाणित अकेक्षण रिर्पोट संलग्न करना होगा के स्थान पर "विगत 3 वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 का आयकर रिटर्न की स्व अभिप्रमणित प्रति संलग्न करना होगा"।
3. पहला लिफाफा के कंडिका h "अद्यतन GSTR FORM 3B & R9 की स्व हस्तांतरित प्रति संलग्न करना होगा" के स्थान पर "अद्यतन GSTR FORM 3B की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा"।
4. वित्तीय निविदा में अंकित सबसे निम्न दर को (Minimum Rate-MR) MR1 अंकित किया जायगा, उसी तरह MR2, MR3, MRn का निर्धारण क्रमशः अवरोही क्रमवार निर्धारित होगी।

अंक निर्धारण निम्नवत् है :–

| | अधिकतम अंक |
|---|---|
| MR1 = 60 Max | 60 अंक |
| MR2 = MR1/ MR2 X 70 | |
| MR3 = MR1/ MR3 X 70 | |
| MRn = MR1/ MRn X 70 | |
| कुल– | 60 अंक |

के स्थान पर अंक निर्धारण निम्नवत् है :–

| | अधिकतम अंक |
|---|---|
| MR1 = 60 Max | 60 अंक |
| MR2 = MR1/ MR2 X 60 | |
| MR3 = MR1/ MR3 X 60 | |
| MRn = MR1/ MRn X 60 | |
| कुल– | 60 अंक |

5. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि अपरिहार्य कारण निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.10.2023 के अपा० 2:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

ज्ञापांक 490 दिनांक 26.09.2023 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा की शेष कंडिका पूर्ववत् की भांति यथावत् रहेगी।
अनु०–मेन्यू संलग्न।

PR.NO.308235 District(23-24):D
जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।



### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी (आय के स्त्रोत शाखा)

**–: अति आवश्यक सूचना :–**

कार्यालय आदेश संख्या :– 19 /23–24 दिनांक :–30.09.2023

एतद् द्वारा जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में स्थित भवनों/दुकानों/डाक बंगला एवं अन्य परिसम्पत्तियों के आवंटियों को यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी परिसम्पत्ति के आवंटन के पश्चात् से अब तक का किसी भी प्रकार का बकाया किराया तथा एकरारनामा की प्रक्रिया पूर्ण अथवा एकरारनामा नवीकृत नहीं की गई है तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर जिला परिषद, खूँटी में सम्पर्क करते हुए एकरारनामा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण एवं बकाया किराया जमा कर लें। एकरारनामा संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की सुची निम्नवत् है:–

1. 500.00 (पाँच सौ रूपये) का एक स्टॉम्प पेपर।
2. आवंटन हेतु प्रकाशित प्रेस विज्ञिप्त में उल्लेखित अग्रधन की राशि जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी के नाम पर देय होगा।
3. स्वयं का तीन पासपोर्ट साईज फॉटो।
4. Valid Email ID and (Whatsapp) Mobile No. अंकित करते हुए कोई भी दो पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. कोई भी दो गवाह का दो फॉटो पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। (गवाह आपके रक्त संबंधी/पति–पत्नी ना हो)
6. शपथ पत्र – (कोर्ट से करवा कर जमा करना है।)

निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त उल्लेखित वांछित दस्तावेज जिला परिषद, खूँटी के कार्यालय में जमा कराते हुए वार्षिक किराया पर्ची लेना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समयावधि के अंदर ऐसा नहीं कर पाने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आप आवंटित दुकान/भवन/ परिसम्पति को रखने में इच्छुक नहीं है। फलस्वरूप आवंटित परिसम्पति का आवंटन तत्काल प्रभाव से आवंटन रद्द करते हुए आवंटन की तिथि से अब तक का बकाया किराया की वसूली Bihar and Odissa Public Demands Recovery Act की सुसंगत धाराओं को अधिरोपित कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखित अवधि के पश्चात् इस संबंध में आपके द्वारा कोई भी आवेदन/दावा अथवा दायर वाद मान्य नहीं होगा।
कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.308179 District(23-24):D



### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के **राज्यादेश सं0–95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0– 41 दिनांक 11.11.2022 तथा अवधि विस्तार पत्रांक 27 दिनांक 21.06.2023** के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रूपये 5.00 लाख पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है।

व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत रू0 2.00 लाख (दो लाख रूपये) रखे जाने एवं इसका 80% या अधिकतम अनुदान रू0 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार रूपये) उपलब्ध कराया जायेगा।

**राज्यादेश सं0–62 दिनांक 01.02.2023** केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAR योजनान्तर्गत Sub Mission On Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का कुल राशि रू0 10.00 लाख (दस लाख रूपये) की लागत पर क्रय करने हेतु प्रति समूह को निर्धारित दर का 80% या कुल अधिकतम अनुदान रू0 8.00 लाख (आठ लाख रूपये) उपलब्ध कराया जायेगा।

विभागीय योजनान्तर्गत वितरित किये जाने वाले सभी प्रकार के **मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का तकनीकी विशिष्टताओं तथा Expression of Interest (EOI)** का निर्धारण निदेशक, भूमि संरक्षण, झारखण्ड, राँची के **कार्यालय आदेश सं0–595/राँची, दिनांक–15.09.2022** द्वारा किया जा चुका है।

**अतः सभी निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं उनके अधिकृत विक्रेताओं से अनुरोध है कि दिनांक 05.10.2023 को 11:00 पूर्वाहन से अपने मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का प्रदर्शन दर के साथ भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय परिसर में करें, ताकि महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों अपनी पसंद एवं आवश्यकता के अनुरूप उक्त योजना के तहत् छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कृषि यंत्रों का चयन कर सके।**

प्रदर्शन का स्थल :–
कार्यालय का पता– **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी,** संयुक्त कृषि भवन, खूँटी

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी

PR 308148 Agriculture(23-24)#D



### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
*(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)*
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Notice No. 34, Dated : 03-10-2023

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of electrical works and having sound financial status

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 10/PR/SAJHA/2023-24 | Replacement, Design, Supply, Installation, Testing, Commissioning of existing lighting system of High Mast Light as per Luminaires at Hockey Stadium, Morabadi, Ranchi. | 49,41,880/- | 1,00,000/- | 5,000/- | 13 Days |

| | |
|---|---|
| Last date and time for submission of tender | Up to 10-10-2023 up to 11.00 AM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 01:00 PM on 10-10-2023 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | At 03:00 PM on 10-10-2023 |
| Tendering Officer and address for communication | Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi |

1. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA on 06/10/2023, 10:00 am to 5:00 pm after depositing cost of BoQ (Non-refundable) on office working hour, in the name of SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./-
Deputy Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 308124 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)#D

## टांगराईन स्कूल के बच्चों ने निकाली दीवार पत्रिका



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बच्चों में सृजनात्मक क्षमता की वृद्धि के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन के बच्चों की ओर से तैयार मासिक पत्रिका दिया का विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने किया।प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने कहा कि दीवार पत्रिका बच्चों में रचनात्मक एवं सृजन क्षमता के विकास के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी गतिविधि है।

## दिवंगत पीडीएस डीलर के आश्रित को एसोसिएशन ने किया सहयोग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीतारामडेरा की रहने वाली पीडीएस डीलर स्व. मीणा नाग की आश्रित बेटियों को फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से 21 हजार रुपये का सहायता राशि का चेक सौंपा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन साव (पारस) ने बताया कि मीणा नाग की बीते 19 सितंबर को निधन हो गयी थी। एसोसिएशन की ओर से आपात स्थिति में सदस्यों को मदद की जाती है. मौके पर प्रमुख रूप से वरीय उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, महासचिव प्रमोद गुप्ता, राजकुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष नागेश जयसवाल, वरीय जिला सचिव सत्यनारायण रजक, जिला सचिव मनोज गुप्ता, उमेश साव, बिनोद साव, संगठन सचिव अजय कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार, कोर कमीटी सदस्य रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## अंगदान को लेकर तमिलनाडु सरकार के प्रयासों को कुणाल षाडंगी ने सराहा




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंगदान को लेकर तमिलनाडु सरकार का अभियान इन दिनों चर्चाओं में है। ऑर्गन डोनेट करने वालों को राजकीय सम्मान देने की स्टालिन सरकार की घोषणा ने भाजपा नेता कुणाल षाडंगी का भी ध्यान खींचा है। राजनीति से इतर व्यापक जनहित में झारखंड बीजेपी प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने इस पवित्र उद्देश्य को सराहा है। मंगलवार को इस आशय में ट्वीट करते हुए बीजेपी नेता ने तमिलनाडु सरकार के ऑर्गन डोनेशन को लेकर दृष्टिकोण को प्रशंसनीय बताया है। पूर्व विधायक सह भाजपा प्रवक्ता कुणाल राजनीति के अलावे अपनी एनजीओ नाम्या स्माईल फाउंडेशन के जरिये स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने को लेकर लगातार प्रतिबद्ध रहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को इस बाबत अनुरोध किया है की नेशनल ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन के मार्फ़त इस अभियान को देशभर में लागू कराया जा सकता है जिससे बड़ी तादाद में पीड़ित मरीजों को लाभ मिलेगा। वहीं झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से आग्रह किया की चूंकि झारखंड अंगदान करने के मामले में सबसे पिछड़े राज्यों में से एक है, ऐसे में बिना देर किये इस अभियान को यहाँ शुरू करने की पहल की जानी चाहिए।

## अंशु को उत्तराखंड में मिला योग आइकॉन का अवार्ड



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश विदेश में अबतक सैकड़ों अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके कदमा निवासी अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार ने उत्तराखंड में अवार्ड डब्ल्यूएफएफ योग आइकॉन जीतकर न सिर्फ शहर या ज़िला, बल्कि पूरे झारखंड में अपना परचम लहराया. उक्त अवार्ड उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने अंशु को प्रदान किया तथा उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उक्त आयोजन वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योग स्पोर्ट्स इंडिया की ओर से प्रथम नेशनल प्रो योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था. उक्त कार्यक्रम उत्तराखंड के रुड़की स्थित सीओइआर यूनिवर्सिटी में आयोजित था. उक्त चैंपियनशिप में देश के 22 राज्यों से 446 प्रतिभागी शामिल हुए. उन्हें योग आइकॉन का अवार्ड मिलने पर शहर व राज्य के कई गण्यमान्य व्यक्तियों ने खुशी जताई है.

## चलो करें आवास पूरा अभियान का उप विकास आयुक्त ने किया समीक्षा

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चलो करें आवास पूरा अभियान का समीक्षा किया। प्रखंड अंतर्गत लाभुकवार लंबित आवास एवं अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी 10 अक्टूबर तक सभी पंचायतों में लंबित आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करते हुए सहयोग करने का निर्देश दिया।

## कच्ची जर्जर सड़क निर्माण करने की मांग को बीडीओ को ज्ञापन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत अंतर्गत विश्वकर्मा कॉलोनी, नमो टोला, शिवनगर तथा कैलाश नगर के सैकड़ों ग्रामीणों ने गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बस्ती की कच्ची जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग किया है। सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि इन बस्तियों में जाने वाली सड़क इतनी जर्जर है कि इससे होकर पैदल चलना भी मुश्किल है। इससे पूर्व ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगों को लेकर पंसस अजीत सिंह के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात, बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। इसकी प्रतिलिपि जिला उपायुक्त, अपर उपायुक्त तथा अनुमंडल पदाधिकारी और पंचायती राज पदाधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ स्थित दुर्गा मंदिर, बजरंगबली मंदिर, बाबा तिलका पार्क एवं आसपास के जगहों पर सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, विद्याधर सिंह, डॉ. कालीपद दास, सुभाष दास, मिहिर कुमार प्रमाणिक, शिशुपाल सिंह, मथुर माझी, धनंजय उपाध्याय, प्रदीप कुमार पैड़ा, सुनील कुमार, दयामय मोदक, श्रीमंत गोराई, खलील अंसारी समेत कई लोग शामिल थे। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 तक चलाये गये अभियान के क्रम में मंदिर के आसपास के सभी जगहों की सफाई करने के बाद ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया।

# जमशेदपुर में बढ़ते डेंगू के मामले को लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता ने की समीक्षा

**मानगो, बारीडीह, गोलमुरी, बागबेड़ा, सिदगोड़ा, बिरसानगर, बिष्टुपुर, कदमा, साकची, सोनारी, साकची, टेल्को ज्यादा प्रभावित**

**टीएमएच गरीब डेंगू मरीजों के इलाज के लिए 50 प्रतिशत बिल माफ करने का निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिले में डेंगू के मामलों की समीक्षा को लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई । जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, निजी अस्पतालों के प्रबंधक तथा अन्य बैठक में मौजूद रहे । जिला प्रशासन द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि डेंगू रोकथाम को लेकर क्या-क्या एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं, साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या व उपचार की स्थिति, उपलब्ध चिकित्सीय संसाधन व मानव बल, जिले के कौन से क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हैं तथा स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं । मानगो, बारीडीह, गोलमुरी, बागबेड़ा, सिदगोड़ा, बिरसानगर, बिष्टुपुर, कदमा, साकची, सोनारी, साक्ची, टेल्को, जुगसलाई व चाकुलिया नगर पंचायत ज्यादा प्रभावित रहे हैं हालांकि पिछले 10 दिनों में मानगो क्षेत्र में डेगू पॉजिटिव की संख्या में काफी कमी आई है । शहरी क्षेत्र के जितने भी प्रभावित क्षेत्र हैं उनमें क्लस्टर में डेंगू पॉजिटिव का मामला नहीं है, जिन घरों में डेंगू पॉजिटिव हैं उनके आसपास के घरों में भी सघन अभियान चलाते हुए एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, लार्वा का जांच के कार्य किए जा रहे हैं । मंत्री द्वारा बच्चों के इलाज हेतु एनआईसीयू में बेड का इंतजाम, ओआरएस समेत अन्य दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया। ब्लड बैंक में उपलब्ध खून और प्लेटलेट्स की उपलब्धता की जानकारी ली गई तथा सभी अस्पतालों में ब्लड कैम्प लगाने का निदेश दिया गया। मरीजों का डेंगी जांच के लिए जो दर लागू है उसे मॉनिटरिंग कर लागू कराये जाने, जिला प्रशासन को टीएमएच से समन्वय स्थापित कर गरीब डेंगू मरीजों के इलाज के लिए 50 प्रतिशत बिल माफ करने, डिस्चार्ज के बाद भी मरीजों की बीमारी का रिकॉर्ड रख मॉनिटरिंग किए जाने, सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा सभी नगर निकायों को युद्धस्तर पर साफ-सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किए जाने का निदेश दिया गया । मंत्री ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि डेंगू का प्रसार कम हो इसके लिए जिले के सभी नागरिकों को भी जागरूक होते हुए प्रशासन का सहयोग करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा रोकथाम को लेकर जो दिशा-निर्देश दिए जा रहे उनका अनुपालन करें। बैठक में एमजीएम अधीक्षक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, नगर निकायों के पदाधिकारी, विभिन्न निजी अस्पतालों के प्रबंधक, जुस्को के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे।

## बोड़ाम में झारखंड स्थापना दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 17-18 नवंबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** कला से संस्कृति मंच, बोड़ाम के तत्वावधान में झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लेकिन इस बार 14-15 के बदले कार्यक्रम का आयोजन 17-18 नवंबर को होगा। मुख्य संयोजक सह पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने बताया कि बांदना पर्व के मद्देनजर तिथि में परिवर्तन किया गया है। बताया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के खेल मंत्री हफीजुल हसन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी आस्तिक महतो को आमंत्रित करने, पुरस्कार के रूप में प्रथम 1 लाख रुपये, द्वितीय 75 हजार, तृतीय एवं चतुर्थ 40-40 हजार रुपये देने का निर्णय हुआ। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रियदास सिंह, मंच के मुख्य संयोजक स्वपन कुमार महतो, सदस्यों पशुपति सिंह, देवेन सिंह, बीरेन सिंह, साधुचरण सिंह, तरणी महतो, ईशान मुर्मू, आदि थे।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त, चालक को जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** अनुमंडल व अंचल अधिकारी के द्वारा बालू के अवैध खनन के खिलाफ जगन्नाथपुर पुलिस के साथ लगातार छापेमारी में जुटी है। पुलिस के अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से बालू माफियाओं में दहशत है। इस दौरान अंचल अधिकारी के निर्देश पर जगन्नाथपुर थाना के प्रभारी राकेश रंजन सिंह अपने गश्ती के दौरान मुंडुई गाँव सामने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर व चालक को पकड़ने में सफलता मिली। ट्रैक्टर चालक मझगाँव थाना क्षेत्र के असमपाट निवासी रामेश गोप को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में चाईबासा जेल भेज दिया। बताया जाता है क्षेत्र में लगातार अवैध तरीके से बालू का खनन कर ऊंचे दाम पर बेचने की सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे ट्रैक्टर सहित चालक को गिरफ्तार किया। अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

## जमशेदपुर एफसी टीम पहुंची अपने होम ग्राउंड, हैदराबाद एफसी से सामना कल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी की पूरी टीम ने 5 अक्टूबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ होने वाले अपने पहले घरेलू मैच से पहले जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। स्कॉट कूपर और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण मैच से पहले मेन ऑफ स्टील के ड्रेसिंग रूम में एक व्यापक बैठक की। खेल की तैयारी के लिए मैच पिच का पता लगाते समय पूरी टीम उत्साह से भर गई। कई खिलाड़ियों के लिए, यह दौरा स्टेडियम में उनका पहला अनुभव था। इस दौरान कोच स्कॉट कूपर ने कहा हैदराबाद एफसी के खिलाफ आगामी मैच के लिए अपनी प्रत्याशा व्यक्त करते हुए कहा, हम सभी फर्नेस में रेड माइनर्स के सामने खेलने के लिए रोमांचित हैं। यह एक कठिन मैच होने वाला है, लेकिन लड़के पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया, हमारे पास कुछ होनहार खिलाड़ी हैं, जैसे एल्सिन्हो, जो पूरे आईएसएल में सर्वश्रेष्ठ सेंटर बैक साबित हुए हैं, और जेरेमी मंज़ोरो, जो टीम के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेमेकर बन गए हैं।

## सफ वेलफेयर का सम्मान समारोह में 46 लोगों को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** सफ वेलफेयर सोसाईटी के स्थापना को दो वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के हालिया चुनाव में निर्वाचित होने वाले सभी पांच पदधारी, चुनाव लड़ने वाले शेष 17 प्रत्याशी एवं चुनाव आयोग के चेयरमैन, वाइस चैयरमैन समेत 24 सदस्यों को सम्मानित किया गया। कुल 46 लोगों को सम्मान दिया गया। समारोह का आयोजन उर्दू टाउन बालक मध्य विद्यालय के कोरिडोर में आयोजित किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हाजी मो मोईनुद्दीन खान उपस्थित हुए। समारोह को अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सैयद शहजाद मंजर, सचिव बैरम खान, उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, सह सचिव सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष मो तौकीर, चेयरमैन शाहिद अनवर, वाइस चैयरमैन सैयद मो हसनैन आलम, चांद मोहम्मद आदि ने संबोधित किये। स्वागत भाषण मो गिलमान अनवर, सफ वेलफेयर सोसाईटी की विस्तृत जानकारी शहबाज आलम ने दिया।

## समान काम का सामान वेतन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से होमगार्ड जवानों में हर्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रकाश पूर्ति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समान काम का सामान वेतन के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले पर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। किन्तु, उसे खारिज कर दिया गया था। तत्पश्चात, होमगार्ड द्वारा राज्य सरकार से इस बावत गुहार लगाई गई थी। लेकिन, सरकार ने इस मामले में स्पष्ट रूप से कह दिया कि सुप्रीम कोर्ट से वे समान काम का समान वेतन का आदेश लेकर आएं, उसके बाद ही इस मामले पर कोई बात होगी। उसके बाद संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमे सुनवाई करते हुए होमगार्ड के हित में निर्णय लेते हुए आदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी झारखंड में होमगार्ड जवानों का शोषण होता है तो आगामी वर्ष 2024 में रांची में विशाल रैली कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ,प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रताप बरवा, अजय प्रसाद, चाईबासा जिलाध्यक्ष चरण चटर प्रसाद, मोहित कुमार, आदि थे।

## आरवीएस अकादमी में गुड टच एंड बैड टच पर जागरूकता सत्र आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आर वी एस अकादमी के सेफ क्लब ने सीआईआई यंग इंडियंस के साथ मिलकर मंगलवार को कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए स्कूल सभागार में गुड टच और बैड टच पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह सत्र बाल सुरक्षा पर जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था। छात्रों को गलत और सही के बीच अंतर समझने में मदद करना और उन्हें शोषण होने से बचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्रिंसिपल वीशा मोहिंद्रा, वाइस प्रिंसिपल अनीता तिवारी, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

## खरसावां में सरकारी स्तर से दुर्गा पूजा पर 1.25 लाख व काली पूजा पर 60 हजार रु होगें खर्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के अंचल सभागार में मंगलवार को दुर्गा पूजा व काली पूजा के आयोजन को लेकर पूजा समिति की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में मुख्य रुप से सरकारी स्तर पर होने वाले दुर्गा पूजा व काली पूजा की तैयारी पर चर्चा की गयी. 20 अक्टूबर से बेल्याधिवास के साथ दुर्गा पूजा शुरु हो जायेगी. दुर्गा पूजा में सरकारी फंड से एक लाख 25 हजार रुपये ओर काली पूजा में 60 हजार रुपये खर्च करने पर सहमति दी. बैठक में पीडब्लूडी विभाग को दुर्गा पूजा से पूर्व साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया. खरसावां सीएचसी को पूजा के दौरान सभी जरुरी दवा व मरहम पट्टी के साथ अस्पताल को 24 घंटे खुले रखने का निर्देश दिया गया. बैठक में मुख्य रुप से बीडीओ गौतम कुमार, सीओ शिला उरांव, प्रमुख मनेंद्र जामुदा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कन्हैया लाल उरांव, पीडब्लूडी के एई एलके नायक, गोवर्धन राउत, मनोज पति, शचिंद्र कुमार दाश, मानिक सिंहदेव, नयन नायक, रविंद्र मोदक,अमित पात्र, राकेश दाश, धनंजय कर चौधरी, परशुराम दास, रतिरंजन नंदा, वैद्यनाथ नायक, कमलेश्वर आदि उपस्थित थे।

## पटमदा सीएचसी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माचा, पटमदा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक तथा मिर्गी मरीजों की चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पटमदा, बोड़ाम, चांडिल एवं पश्चिम बंगाल से आए हुए 58 पुराने एवं 2 नए मरीजों को मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरी द्वारा जांचोपरांत निःशुल्क एक महीना का दवा दिया गया। शिविर का आयोजन प्रत्येक अंग्रेजी माह के प्रथम मंगलवार को किया जाता है। शिविर को सफल बनाने में डॉ. दीपक कुमार गिरी, ताजीन कुल्लू, स्मिता हेंब्रम, पवन कुमार तथा पीएलवी शिवशंकर महतो, निताई चन्द्र गोराई एवं नन्दा रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने सीनियर सिटीजन फन एंड फिटनेस लीग की शुरुआत की

**बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने सीनियर सिटीजन्स फन एंड फिटनेस लीग के लॉन्च की घोषणा की है। यह 6 महीने तक चलने वाला एक खेल आयोजन है, जिसे वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करके हमारे समुदाय के भीतर खेलों की विविध श्रृंखला के साथ एक जीवंत खेल संस्कृति विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर, 2023 को शुरू होने वाला है और इसमें 55 वर्ष और उससे अधिक उम्र के पुरुषों और महिलाओं दोनों को शामिल किया गया है। पहला टूर्नामेंट बैडमिंटन टूर्नामेंट होगा। बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर, 2023 है। इच्छुक व्यक्ति https://forms.office.com/r/3TzMC49Hvt पर ऑनलाइन फॉर्म भरकर भाग ले सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक और शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, योग, गोल्फ पटिंग, वॉकथॉन, फन गेम्स और कैरम शामिल हैं, जो आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा।

## खूंटपानी : दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना हरीश एफसी सरायकेला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर खूंटपानी प्रखंड के भोया फुटबॉल मैदान में नव युवक संघ की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. 40 टीमों के बीच आयोजित पुरुष वर्ग के फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच हरिश एफसी सरायकेला एवं केडीएस मंझारी के बीच खेला गया,जिसमें सरायकेला की टीम 1-0 गोल से विजेता बनी. पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने विजेता टीम सरायकेला को 60 हजार व ट्रॉफी एवं उपविजेता रहे मंझारी की टीम को 40 हजार व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. साथ ही तीसरे स्थान पर रहे तियू साई एफसी को भोया एवं चौथा स्थान पर रहे साइनिंग स्टार एफसी की टीम को 20-20 हजार रुपए एवं एक-एक ट्रॉफी देकर पुरस्कृत. मौके पर विधायक की धर्मपत्नी बासंती गागराई,अर्जुन गोप,दुर्गा चरण पाडिया,राहुल गोप,अर्जुन पूर्ति, डिम्बु तियु,सिकंदर जामुदा,गारदी सोय,पांडु बोदरा,ज्योति बोदरा,अजीत प्रधान समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा के सातवें चरण में बालूमाथ पहुंचे बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** संकल्प यात्रा के सातवें चरण को लेकर मंगलवार को बालूमाथ के जोगियाडीह मैदान पहुंचे। बाबूलाल मरांडी को कार्यकर्ताओं ने 51 किलो के माला के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। सबसे पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोलते हुवे कहा कि तस्करों के सरदार है हेमंत सोरेन। 2014 में मोदी की सरकार देश में बनी तब हमारी सरकार गांव किसान मजदूर मां बहनों को समर्पित कर दिया। मोदी ने महिलाओं के मान-सम्मान के लिए शौचालय, बैंक खाता, 4 करोड़ पक्का मकान दिया है। हेमंत सरकार में राज्य में लूट भ्रष्टाचार, अपहरण, बलात्कार की घटनाएं बढ़ी है। पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह सरकार निर्दोष आदिवासियों को जेल भेजने का कार्य कर रही है लातेहार जिला में जमीन के सर्वे में भारी गड़बड़ी हुई है, भाजपा की सरकार मिनी सर्वे का आदेश दिया था लेकिन यह सरकार आज तक मिनी सर्वे नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि हेमंत सरकार को उखाड़ फेकना आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्प ले। भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि लातेहार जिला कोयला एवं खनिज संपदा से भरा पड़ा है फिर भी राज्य बदहाली की जिंदगी जी रहा है।वहीं मंच को भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने भी संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर हमला बोला। संचालन भाजपा महामंत्री पंकज सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता व भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास सक्रिय दिखे। इस मौके पर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह, संयोजक विनयलाल, किसलय तिवारी, पूनम देवी, लाल कौशल नाथ शाहदेव, लाल अमित नाथ शाहदेव, मुकेश पांडे, मुकेश सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार, प्रियंका कुमारी, अखिलेश गंझू, सतनारायण सिंह, उप प्रमुख कामेश्वर राम, सेमत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हंटरगंज में बिजली की तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के तरवा गाड़ा पंचायत के शाही गांव में बीते रात बिजली की तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक केशु प्रजापति का 35 वर्षीय पुत्र उमेश प्रजापति बताया जा रहा है। खबर में बताया जा रहा है कि वह अपने घर के पीछे दरवाजे से खेती देखने जा रहा था। इसी दौरान पहले से बिजली का तार गिरा हुआ था जिसके चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। परिजनों के द्वारा हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक कार्तिक उरांव ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई कृष्ण कुमार एवं नितीश दुबे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है मृत युवक के शव गांव आते ही मृतक के पत्नी एवं नन्हे मुन्ने पुत्री की चितकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी एवं तीन नन्हे मुन्ने पुत्री को छोड़ गया। वह अपने घर का इकलौता कमाओ व्यक्ति था उसकी अकासमिक मौत से उसके घर वालों को मानसिक और आर्थिक नुकसान हुआ है।

## दो सप्ताह से जला हुआ है ट्रांसफार्मर



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामपूर के हरिजन टोली में एक माह से में बिजली सुविधा नहीं है। वहां के स्थानीय ग्रामीण सुचित प्रसाद, राजू, बताया कि हमारे गाँव रामपूर में एक से से बिजली नहीं जल रही है। कृषि फॉर्म में लगे ट्रांसफर खराब पड़ा है। जिससे कारण हरिजन टोली, रामपूर को बिजली नहीं मिल रही है। प्रखण्ड के महुआडांड़ पंचायत के रामपूर हरिजन टोली गाँव के ग्रामीणों की दुर्गा पूजा शायद इस बार अंधेरे में ही मनेंगी। क्योंकि हरिजन टोली गाँव का ट्रांसफार्मर पिछ्ले दो सप्ताह से जला हुआ है। जिसकी जानकारी विभाग को भी है। पर शायद इसको लेकर विभाग गभीर नही है। नतीजा है की हरिजन बहुल गाँव के ग्रामीण फिर से ढ़िबरी युग मे रहने को विवश हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि नये ट्रांसफर लगाने के लिए लोगों से पैसा चंदा कर ट्रांसफर लगाया भी था। लेकिन कुछ दिन चलाने के बाद खराब हो गई। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा खराब ट्रांसफर दिया गया था। इस संबंध में विभाग के जेई ने बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ को शिकायत कर दिया गया। जैसे ही ट्रांसफर उपलब्ध होगी नया ट्रांसफर लगा दिया जाएगा।

## साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।इस दौरान नवागढ़ ग्राम निवासी तोरण देवी ने प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास निर्माण की मांग उपायुक्त से की। वहीं मनिका प्रखंड के मतलौंग ग्राम के निवासियों ने टोला माड़ादाग में सड़क न होने की वजह से हो रही परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराते हुए सड़क निर्माण करवाने की मांग की है।ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से सेविका चयन, सड़क निर्माण, रोड निर्माण, प्रधान मंत्री आवास, जमीन विवाद, रोजगार, आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

अपहृत आजाद को आसमां ले गया या जमीं निगल गयी, अब तक कोई सुराग नहीं

## अपहृत हुए पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को मिल रही नकामी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मुरवे ईश्वर दयाल पेट्रोल पंप के करीब एक टायर मिस्त्री को बीते शनिवार की सुबह 7 बजे रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया। जबकी अपहृत आजाद बिहारी का मोबाइल, मोटरसाइकिल, एवं चारपहिया वाहन दुकान में मौजूद है। उन्होंने ने बगल वाले से यह कह कर सड़क पर निकला था कि एक व्यक्ति से रूपये लेना है उसने बुलाया है। किंतु उसके जाने के बाद अब तक कोई अतापता नहीं है। हालांकि इस तरह रहस्यमयी घटना को लेकर अपहृत आजाद की पत्नी ने सिमरिया थाना में शनिवार की शाम मामला दर्जा कराया था। किंतु आज 5 दिन बीत गया है फिर भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिलीं है। अपहृत आजाद की पत्नी ने बताई की हम सिमरिया थाना को लिखित आवेदन दे चुके हैं। किंतु सिमरिया पुलिस 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जांच पड़ताल नहीं की है ना उस पर खोजबीन करने का प्रयास किया गया है। मैं एक महिला हूँ मेरी छोटे छोटे बच्चे हैं कहां जाऊं। महिला रो रो कर कह रही है कि मेरे पति को क्या आसमां निगल गया या जमीं निगल गयी। आपको बता दूं कि इसी तरह सिमरिया निवासी रामजी सिंह को भी रहस्यमयी तरीके से शाम 8 बजे गायब कर दिया गया जो अभी तक सिमरिया पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पायी है। वहीं डाड़ी बकचौमा निवासी मो आजाद को एक कुआं से सड़ी लाश बरामद किया गया जो आज तक कातिल का सुराग सिमरिया पुलिस को नहीं मिली है। सबानो गाँव के रानीपोखर गाँव के एक वनरक्षी को टांगी से प्रहार कर हत्या कर दी गयी जिसका हत्यारे का आज तक कोई सुराग नहीं मिल पाई है। इस तरह कई और हत्या से सम्बंधित घटनाएं हैं जिस पर आज तक सिमरिया पुलिस की हाथ वैसे कातिलों तक नहीं पहुंच पायी है। वैसे में विफलता हीं विफलता हाथ लग रही है। लाख दावें किये जांय परन्तु सच को छुपाया नहीं जा सकता।

## शौर्य जागरण यात्रा सह विशाल धर्म सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ बिरसा मैदान जोगियाडीह में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा सौर जागरण यात्रा एवं विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अयोध्या से चलकर बालूमाथ पहुंच रथ यात्रा का भव्य स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राम जन्मभूमि में पहला ईट रखने वाले मुख्य अतिथि कामेश्वर जी चौपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राम जन्मभूमि में राम मंदिर का निर्माण करने में 4 लाख लोग अपना बलिदान दिए हैं। भारत का एक-एक हिंदू का देन है कि आज कई हजार वर्ष राम मंदिर बनाने का सपना पूरा होने जा रहा है। हम सभी को मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाना है। अयोध्या से चलकर आए हुए संत विभु सुमन, बाबा विश्वनाथ, बाबा सरजू जी महाराज, विभाग के महिला शक्ति प्रमुख रेणु दीदी, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, संगठन के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, लातेहार दुर्गा वाहिनी के संयोजक कंचन दीदी, विभाग के मंत्री कुमार गौरव, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री संजय तिवारी, विभाग से मंत्री महेंद्र नाथ ने ओम के जाप पर प्रभु श्री राम के चरणों को नमन किया। रथ यात्रा में रखे गए शिला पठ को पूजन किया गया तथा शीला पठ को श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से स्पर्श कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के सतनारायण सिंह, उपेंद्र रंगीला, हार्दिक कुमार गुप्ता, अखिलेश भोगता, लाल देव गंझु, अरुण साहू, रामकुमार गुप्ता, त्रिवेणी साहू, आशीष ओझा, सूरज शाह, विजय यादव, कृष्णा साहू, शैलेश सिंह, सुरेंद्र साहू, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। मंच का संचालन विश्व हिंदू परिषद के रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**महुआडांड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी तीन अक्टूबर को सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बरैदौनी, नेतरहाट, हामी, चटकपुर, परहाटोली, सेम्बरबुढ़नी और बांसकरचा उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया था।जिसमें 552 मरीजों पंजीकरण किया गया। शिविर मे टीबी, कुष्ठ आदि बीमारी की जांच किए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने बताया कि शिविर में सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा मीरीजों उपलब्ध करा गया।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में एएनसी जाँच, टीबी, कुष्ट एवं एनेमिया जाँच, नेत्र जाँच, कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु जाँच, जेनरल ओपीडी एवं बच्चों का टीकाकरण किया गया द्य स्वास्थ्य मेला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी महुआडांड़ अमित खलखो ने बताया इस स्वास्थ्य मेला में कुल 552 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच किया गया तथा उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। चिकित्सीय जाँच के बाद रोगी व्यक्तियों को निशुल्क दवा उपलब्ध करायी गयी। इस स्वास्थ्य मेला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी स्वास्थ्य जाँच करवाया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग, चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव ने प्रखण्ड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा विधान सभा के राजद विधायक सह सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्या नंद भोगता ने हंटरगंज प्रखण्ड के राजद के वरिष्ठ नेता देव लाल यादव को उक्त प्रखण्ड का अपना प्रतिनिधि मनोनित किया है। मंत्री प्रतिनिधि श्री यादव ने अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का अचौक निरीक्षण किया। मंत्री प्रतिनिधि ने दोनों विभागों के कर्मियों को निर्देश दिया की गरीब, असहाय, मजदूर एवं आम नागरिको का कार्य अभिलंब किया जाए। जनता को दौड़ने का काम न किया जाए। गरीब, वृद्धा, विधवा विकलांग, प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटते रहते हैं जिस से मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है। अंचल एवं प्रखण्ड में आए लोगों के साथ कुशल व्यवहार करें और उनके कार्यो का निबटारा जितना जल्द हो करने का प्रयास करें। इमानदारी पूर्वक करें अंचल कार्यालय के कर्मियों को जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र निर्गत करें। ताकि अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को परेशानी उठाना न पड़े। जमीन संबंधित समस्याओं का निबटारा ससमय किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया की जमीनी मामला को उलझने का कार्य न करें जमीनी विवाद में कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

## आयुष्मान भवः शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड के सिबला पंचायत भवन परिसर मे सीएचओ ममता कुजूर, एएनएम अर्चना हस्सा की अध्यक्षता मे आयुष्मान सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पंचायत के सभी सहियाओं व उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को जानकारी देते हुए शिशु मातृत्व सुरक्षा, टीवी कुष्ठ व अन्य रोग नियंत्रण, एनसीडी गैर संचारी रोग, प्रथम तिमाही जाँच कराने पर जोर, पंचायत क्षेत्र मे किसी को भी नया बीमारी जो दूसरे से पता चलता है और नहीं कह सकते उप केंद्र व सीएचसी ले जाकर सही उपचार करवाना सहित कई तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.वहीं गाँव टोले से आए कई ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड से आम जनो को मिलने वाले फायदे के सम्बन्ध मे भी जानकारी दी गई। ठीक इसके पश्चात् गाँधी जी की जयंती पर पर कुष्ट रोग व टीवी उन्मूलन को लेकर शपथ समारोह का भी आयोजन किया गया। मौके पर सहिया रीता देवी, पूनम देवी, हलीमा खातून, कुंती देवी, किरन्ति देवी, सुनीता देवी सहित काफी संख्या मे ग्रामीण भी मौजूद थे।

## एसपी की अध्यक्षता में प्रतिबंधित खेती की रोक थाम को लेकर बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन की अध्यक्षता में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उत्तरी एवं दक्षिणी, सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, चतरा, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी / ओ0पी0 प्रभारी के साथ अफीम की खेती पर पूर्णतः अंकुश लगाने के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की गई। इस बैठक के माध्यम से यह निर्देश दिया गया की अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। पूर्व के एन0डी0पी0एस0 एक्ट के काण्डों में संलिप्त अभियुक्तों एवं वन विभाग के भूमि पर अतिक्रमण कर अफीम की खेती करने के संबंध में दर्ज मामलों की ग्राम वार सूची तैयार कर 47 एन0डी0पी0एस0 एक्ट एवं द0प्र0स0 की धारा 107 एवं 110 के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। पूर्व के वर्षों में अफीम की खेती किये जाने वाले स्थानों के जी0आर0 को संधारित किया गया है, जिसका सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई किया जाए। सैटेलाईट इमेज एवं ड्रोन कैमरे के माध्यम से वर्तमान में अफीम की खेती हेतु वैसे स्थानों को जहाँ पर वन, जंगल झाड़ी की कटाई की गई है उन स्थानों को चिन्हित कर वन अधिनियम की धारा के तहत कड़ी कार्रवाई किया जाए।

## भाजपा नेता लखन साहू प्रदेश के आला अधिकारियों से मिलकर किया जिला अध्यक्ष का दावा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया प्रखण्ड के वरिष्ठ नेता तथा लातेहार किसान मोर्चा के प्रभारी लखन साहू इस बार चतरा जिला अध्यक्ष के दौड़ में जोर शोर से लग गए है ।जिला के नेता और कार्यकर्ताओं के जनभावनाओ को प्रदेश के नेताओं को रुबरू करा दिया गया है।प्रदेश में संगठन की चुनाव में देर होने के कारण है कि भाजपा का संकल्प यात्रा सातवा चरण में चरम पर है। जिसे लेकर चतरा जिला पद का चुनाव में देरी की जा रही है। हालांकि जिला अध्यक्ष पद के लिए मैं परिपूर्ण हूँ। चुकीं भजपा पार्टी को लगभग 20 वर्षों से सींच रहा हूँ। आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराड़ी को छतिसगढ़ में चुनाव प्रचार की मांग है। जिसे लेकर आठ अक्टूबर तक 11 विधानसभा क्षेत्रों में उनकी जनसभा होगी।श्री साहू ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तीन अक्टूबर को लातेहार एवं पांकी, चार अक्टूबर को छत्तरपुर एवं हुसैनाबाद, पांच अक्टूबर को भवनाथपुर एवं गढ़वा, छह अक्टूबर को विश्रामपुर एवं डाल्टनगंज, सात अक्टूबर को मनिका, आठ अक्टूबर को गुमला एवं विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। सातवें चरण की यात्रा के संयोजक प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय एवं वरिष्ठ नेता विनय लाल हैं। आगे वरिष्ठ भाजपा नेता लखन साहू ने बताया कि सारी दौरा समाप्त होने के बाद झारखंड प्रदेश के चुनाव की गति तेज हो जायेगा।

## कोल मंत्रालय के सचिव, सीसीएल के चेयरमैन तथा सीएमडी ने किया मगध-आम्रपाली का दौरा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** कोयला मंत्रालय के केंद्रीय सचिव अमृत लाल मीणा , सीसीएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद तथा सीएमडी वी.वीरा रेड्डी ने एक साथ आम्रपाली व मगध कोल परियोजना का दौरा किया। जिसके लिये पूर्व निर्धारित समयानुसार सबसे पहले आम्रपाली कोल परियोजना पहुंचे। जहां परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह व डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की ओर से अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट की गई। औपचारिक मुलाकात के बाद अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद परियोजना क्षेत्र में निर्मित डिजिटल डिस्पेंसरी सेंटर व वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (वीटीसी) में शिलापट्ट अनावरण व फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद परियोजना के विस्तारीकरण से संबंधित व्यवधानों व कार्य प्रगति का विस्तार से जायजा लिये। वहीं मगध परियोजना पहुंचने पर जीएम नृपेन्द्र नाथ समेत अन्य अधिकारियों ने बुके व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। वहीं मध्यान्ह भोजन के बाद कुंडी, देवलगडा़, आरा व चमातु के खनन क्षेत्र में कोल उत्पादन -संप्रेषण व कई अन्य मुद्दों पर भी जीएम श्री नाथ बारीकी से अवगत कराये। इसके बाद अधिकारियों ने एनटीपीसी में कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयले की आपूर्ति हेतु बनाये जा रहे निर्माणाधीन कॉरीडोर स्थल पर भी पहुंचे। जहां उच्चाधिकारियों की ओर से निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। इस मौके पर तकनीकी निदेशक आर.बी. प्रसाद, परियोजना निदेशक हर्षनाथ मिश्रा, वित्त निदेशक पवन मिश्रा, आम्रपाली पीओ पी.के.सिन्हा, मगध पीओ एस.सत्यनारायण, एसडीओ सुधीर दास, प्रभारी सीओ विजय दास, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रमुख ममता कुमारी एवं मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा ओपीडी, मलेरिया कक्ष, कुष्ठ विभाग, यक्षमा कक्ष, लेबर रूम, प्रसूति वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, एमटीसी, 108 एवं ममता वाहन सुविधा आदि का निरीक्षण किया। इमरजेंसी मरिज एवं लेबर रूम में ऑक्सीजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया।प्रसूति वार्ड में गंदगी तथा बेड पर चादर नही देख काफी नाराजगी जाहिर किया गया।वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डा. के के साहा को साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही गई।प्रसुति महिलाओं से हाल-चाल लिया गया,अवैध पैसो की वसूली को लेकर पूछताछ किया गया।एएनएम द्वारा छःसौ रुपये लेने का मामला प्रकाश में आया। मरीजों को मिलने वाला भोजन की भी जानकारी ली गई।प्रमुख ने भोजन मीनू के हिसाब से देने एवं मीनू बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। कोई भी स्वास्थ्य कर्मी पैसा की मांग करता है तो इसकी जानकारी देने की बात कही गई। साथ ही सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में लोगों को मिलने वाले लाभकारी योजनाओं के भी जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। प्रमुख एवं मंत्री प्रतिनिधि ने डा.के के साहा को मरीज के साथ मधुर संबंध बनाने तथा सरकार के द्वारा मिल रहे सुविधा को पहुंचाने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि प्रमुख को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मरीजो से अवैध पैसे वसूली की जानकारी मिली थी।जिस पर उन्होंने औचक निरीक्षण किया। साथ ही सभी को सुधर जाने के लिए हिदायत दिया गया। ममता वाहन के द्वारा भी समय पर नहीं पहुंचाने एवं मरीजो से पैसा वसूली करने तथा जन्म प्रमाण पत्र में अवैध पैसा वसूली करने एवं फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने संबंधी कई शिकायत मिली थी। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, डॉ कार्तिक उरांव, डॉ विभा कुमारी, डॉ अनवार अख्तर, बीडीएम ओमप्रकाश के अलावा कई लोग उपस्थित थें।

## मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने क्रियान्वित मनरेगा कार्यो का किया निरीक्षण

**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने प्रखण्ड क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्यो का औचक निरक्षण किया। लोकपाल संध्या प्रधान ने मनरेगा के तहत आम बागवानी, कुआँ, मेढबन्धी व अन्य संचालित योजनाओं का निरीक्षण कर मनरेगाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा की आमलोगों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ देंकर विकास कार्य को गति दे। निरीक्षण के दौरान प्रखंडविकास पदाधिकारी खगेश कुमार, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा, पंचायत सेवक रामजी साहू, रोजगार सेवक, मुसाफिर यादव, मनरेगा ऑपरेटर मुकेश कुमार, बीएफटी अनिल यादव, प्रदीप साव, आशीष यादव, समेत अन्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले तरबा-खरबा गांव सहित विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने भी विद्यार्थियों व प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं तथा कर्मियों के इस कार्य में हिस्सा लिया। साथ ही गांव के लोगों को स्वच्छता को लेकर जागरूक भी किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता को लेकर की गई पहल से सकारात्मक बदलाव पूरे देश में महसूस किया जा सकता है। डॉ गोविंद ने कहा कि स्वच्छता से ही सुंदर और स्वस्थ भारत की ओर तेजी से बढ़ा जा सकता है। स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए उन्होंने कहा कि साफ सफाई रखने से ना सिर्फ वातावरण स्वच्छ रहता है बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव होता है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई सुदूरवर्ती इलाकों में इसे लेकर जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह सामाजिक दायित्व भी है कि हम अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए तो जरूरी है ही, साथ शिक्षित भारत के लिए भी यह जरूरी है। उन्होंने मौजूद विद्यार्थियों से घर की सफाई खुद रखने के साथ साथ आसपास के लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करने की बात कही। बताते चलें कि गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में स्वच्छता को लेकर शपथ भी दिलाई गई। साथ ही अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी शपथ लिया गया।स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण, डॉ अरविंद कुमार, एसएनके उपाध्याय, डॉ राजकुमार, अजय वर्णवाल, अमित कुमार, रंजू, मुकेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के साथ साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### गोमियाँ-विष्णुगढ़ मार्ग में दुर्घटना से मोटरसाइकिल सवार की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार साड़म निवासी मुजाहिदीन अंसारी की सड़क हादसे में गझण्डी के पास मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मोटरसाइकिल के विपरीत दिशा से आ रही पिक अप वैन से जोरदार टक्कर हो गई जिससे घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल सवार की दुखद असमय मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही विष्णुगढ़ पुलिस शव जो अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित किया।

### बिजली की चरमराई व्यवस्था को लेकर विधायक में बिजली विभाग के अधिकारियों को लगायी फटकार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी बीच बिजली कटौती, लौ- वोल्टेज, बिजली के लोकल फॉल्ट और क्षेत्र में दर्जनों ट्रांसफार्मर के जलने के बाद सममय नहीं बदले जाने से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। बिजली आपूर्ति ससमय नहीं होने से पेयजलापूर्ति भी प्रभावित हो रहा है। शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बिजली की समस्या से त्रस्त हैं और बिजली विभाग उपभोक्ताओं के इस परेशानी को जानकर भी त्वरित समाधान की दिशा में सक्रियता नहीं दिख रहा है ।बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी को समझते हुए हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लिया और मंगलवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार भगत एवं सहायक अभियंता राघवेंद्र प्रताप सिंह को कार्यालय में बुलाकर क्षेत्र से संबंधित बिजली समस्याओं से अवगत कराया। विधायक मनीष जायसवाल संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने, लोकल फॉल्ट को सुधारने और क्षेत्र के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदली कराते हुए चरमराई विद्युत व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की वर्तमान सरकार की अनदेखी और बिजली विभाग की अकर्मण्यता का प्रतिफल हजारीबाग की जनता भुगत रही है। वर्तमान सरकार को जनता के समस्या से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में करीब 24 से 25 ट्रांसफार्मर जले हुए हैं और इन गांवों के लोग अंधेरें में रहने को बिबस हो रहें हैं। साथ ही तेज बारिश का बहाना बनाकर बिजली कटौती लगातार की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो पुनः उग्र जनता आंदोलन की ओर रुख करने की बिबस होगी ।

### ग्रामीण एवं जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सात को

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल विकास योजना के तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान में ग्रामीण एवं जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागीयों को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। **प्रतियोगिता में शामिल खेल :** प्रतियोगिता में तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड, भारा दौड एवं सेकोर खेल जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति के 14 से 40 वर्ष तक के आयुवर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस क्रम में प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 6 अक्टूबर के 2:00 बजे तक प्रतिभागियों को जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए 9334483968 एवं 7667122887 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल को मिला महिला जनरल फिजिशियन चिकित्सक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब ओपीडी में एक फिजिशियन के उपलब्ध न होने पर दूसरे फिजिशियन मरीजों को देख सकेंगे। महिला चिकित्सक डॉ नैंसी प्रिया अस्पताल में पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि डॉ नैंसी प्रिया बरही अनुमंडलीय अस्पताल के पुर्व डीएस डॉ शशिशेखर प्रसाद सिंह के पुत्री है। इस संदर्भ में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक और फिजिशियन इस अस्पताल में बहाल किया है। नए महिला जनरल फिजिशियन ओपीडी के कक्ष में मरीजों को ईलाज सहित अब परामर्श देंगे। दो फिजिशियन होने से अब एक की अनुपस्थिति में दूसरे फिजिशियन के उपलब्ध होने से विशेष कर महिला मरीजों को राहत मिलेगी। हालांकि अभी भी अनुमंडलीय अस्पताल में गायनोलॉजिस्ट (महिला प्रसव विशेषज्ञ) के नहीं रहने से प्रसव मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रमुख, उपप्रमुख सहित पंसस ने सीओ से किया शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थित प्रमुख कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों ने बरही अंचलाधिकारी रामनारायण खालको से प्रमुख मनोज रजक व उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने संयुक्त रूप से अंचलाधिकारी रामनारायण खालको को बुकेदेकर स्वागत किया। मौके पर प्रमुख ने सीओ को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भूमि संबंधित लंबित कार्य जल्द से जल्द निस्पादन करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अंचल के कर्मियों के साथ यथासीघ्र बैठक हो, ताकि योजनाओं की समीक्षा हो और अंचल में विभिन्न त्रुटियों को आपसी समंजस के साथ निष्पादन किया जा सके।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा पांचवी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में उदय शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत माता रानी के जयकारों के साथ किया गया। सभी ने एक स्वर से जय माता दी का जयकारा लगाया। इसके बाद बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया, पूजा की दृष्टिकोण से हर एक बिंदु पर विशेष वार्तालाप की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन 20 अक्टूबर दिन शुक्रवार पष्ठी तिथि को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। जिसमें करीब 500 से भी अधिक गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा साथ ही सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दरिद्र नारायण सेवा कार्यक्रम से पूर्व बड़ा बाजार चौक के दो मुख्य स्थान पर कूपन का वितरण किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर दिन शनिवार को महासप्तमी के दिन प्रातः काल में भव्य डोली यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ा बाजार क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु गण शामिल होते हैं।

## डीएमएफटी मद से हरली पंचायत के विकास के लिए अंबा प्रसाद को सौंपा आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** डीएमएफटी मद से हरली पंचायत के विकास के लिए हरली मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, समाजसेवी प्रेम कुमार भारती एवं विजेंद्र कुमार ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से उसके आवास पर मुलाकात कर आवेदन सौंपा। हरली शिव मंदिर चौक से कालीकरण रोड (प्रदीप पासवान के घर तक) पीसीसी पथ निर्माण, हरली में महेंद्र महतो के घर से कुलदीप महतो के घर होते हुए बदमाही नदी तक पीसीसी पथ निर्माण, हरली के मेन रोड (कालीकरण रोड) से शमशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराने का मांग किया।

## बरही में विकास की पोल खोल रही है कच्ची सड़के



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची सड़कों का हालत दयनीय है। खासकर बेंदगी पंचायत में कच्ची सड़कों की हालत इतनी खराब है की ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तिलैया रोड से बेंदगी पंचायत जाने के लिए दो रास्ते है, और दोनों रास्ते की हालत दयनीय है। एक रास्ता है, जो तिलैया अहरा से होते हुवे हसनदाग जाती है, और उसके बाद बेंदगी गांव जाती है। इस रास्ते से काफी लोगो का आना जाना लगा रहता है, यहां तक की स्कूली बच्चे भी इसी रास्ते से जाते है। बारिश होने के कारण सड़क इतनी खराब हो गई की लोगो को जाने में काफी परेशानी हो रही, स्कूली बच्चे गिर भी जाते है, उनके कपड़े व जूते पूरी तरह के गंदा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया की सड़क खराब होने की शिकायत हमने प्रशासनिक पदाधिकारीयो से लेकर जनप्रतिनिधियों तक किया, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। यदि ऐसा रहा तो हमलोग आगामी चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे। बता दे की दूसरा रास्ता जो उजैना से होकर गुजरती है, उसका भी स्थिति काफी दयनीय है। यू कहे की प्रखंड कार्यालय से मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंचायत की यह हाल है, तो सुदूरवर्ती पंचायत के सड़के की क्या हालत होगी। विकास की पोल इन्हीं कच्ची संडकों ने खोल दी है।

## गांधी जयन्ती पर विष्णुगढ़ में याद किये गए बापू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पंचायत सचिवालय में काफी हर्षोल्लास एवं धुमधाम के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंति मनाई गई। महात्मा गाँधी 154 वीं जयंती पर झामुमो प्रखण्ड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने बापू की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर संजय प्रजापति ने कहा कि,बापू ने सत्य,अहिंसा और स्वच्छता के प्रति समर्पित थे। आज हमसबो को उनके द्वारा कही बातों का अनुशरण करना चाहिए,और अपने आसपड़ोस को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए।जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया।इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ना बंदूक चलाई ना ही कोई हिंसा की फिर भी इनकी बदौलत आज हम आजाद भारत मे है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रीतम मिश्रा,सहिया साथी पिंकी चौरसिया,यशोदा देवी,सुषमा देवी,गीता देवी,किरण देवी समेत ग्रामीण शामिल थे।

## अदाणी फॉउंडेशन द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना महावीर युवा क्लब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में महावीर युवा क्लब बड़कागांव की टीम ने प्लस टू हाई स्कूल को चार गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। प्लस टू हाई स्कूल मैदान में 27 सितम्बर से शुरू हुए इस प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के 176 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 21 हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। वहीं, उपविजेता टीम को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सात हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर इनाम के रूप में दिया गया। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर के रूप में पवन कुमार को एक हजार का गिफ्ट हैम्पर, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में प्रकाश कुमार और मैन ऑफ द मैच के रूप में परमेश्वर कुमार को एक-एक हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर दिया गया।

## तीन लाख कोयला मजदूर तीन दिन का करेंगे हड़ताल चरही महाप्रबंधक को सौंपा हड़ताल नोटिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** देश के पांच केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया प्रबंधन के गलत रवैया के कारण आगामी 12,13, 14 अक्टूबर 2023 को देश के समस्त कोयला मजदूर तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे. इस संबंध आज पाँचों श्रम संगठन को मिला कर बना संयुक्त मोर्चा ने चरही के लाल बंगला से एक विशाल जुलूस निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के मुख्य गेट पर ही सभा की. वक्ताओं ने कहा की देश के कोयला मजदूरों का 1 जुलाई 2021 से लंबित वेतन समझौता दिनांक 20. 5. 2023 को कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलवारिज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन तथा पांचो केंद्रीय श्रम संगठन के साथ दिनाक 20.5.2023 को कानून सम्मत समझौता होने के बाद इस समझौते को कोयला मंत्रालय के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया. कोयला मंत्रालय के अनुमोदन मिलने के बाद कोयला मजदूरों को अगस्त 2023 में समझौते के अनुसार नया वेतन मिलना आरंभ हो गया और 23 माह का बकाया एरिया सितंबर 2023 में सभी मजदूरों को एक मुफ्त भुगतान कर दिया गया. इसके बाद वेतन समझौता पर सवाल उठाते हुए ऑफिसर एसोसिएशन ने डिपार्मेंट आफ पब्लिक इंटरप्राइजेज ( डीपीई) का हवाला देते हुए कहा की इस समझौते से मजदूरों का वेतन कुछ अधिकारियों से अधिक हो गया है जो गलत है इसलिए इस समझौते को रद्द किया जाए और इन मजदूरों को पूराना वेतन दिया जाय . इस संबंध में अधिकारियों के आवेदन पर माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कोयला मंत्रालय को इस समस्या का समाधान 60 दिनों के अंदर करने का आदेश दिया था परंतु कोयला मंत्रालय इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं पाया है. इसलिए पांचो केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय से मांग किया है कि देश के कोयला मजदूरों का सितंबर 2023 का वेतन नए वेतन समझौते के अनुसार अक्टूबर 2023 में समय पर भुगतान किया जाए अगर इस वेतन में किसी प्रकार का कटौती होता है तो देश के कोयला मजदूर 12, 13, 14 अक्टूबर 2023 को तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय पर होगा. सभा की अध्यक्षता सी आई टी यू से सम्बद्ध बी सी के यू के बसंत राम ने किया सभा को अरुण तिर्की, एन सी ओ ई ए के नेता गणेश कुमार सीटू, बलभद्र दास, आर पी कुशवाहा, जेसीएमयू के नेता अकाल उरांव, धीरज कुमार मांझी, अनवर अहमद, बीएमएस के नेता रणविजय सिंह, सुजीत कुमार झा, जेपी राणा, ए जे के एस के नेता मदन महतो, कृष्ण महतो, एटक के राजेंद्र सिंह, बसंत राम, इंटक के नेता बी एन सिंह, शंकर कुमार सिंह, एचएमएस के नेता राजू महतो, लखन महतो, अमरजीत ने संबोधित किया ।

## कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा संकुल में समीक्षा बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में मंगलवार को विभिन्न विभागीय प्रतिवेदन को लेकर संकुलाधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता संकुल संचालक महेश प्रसाद चौधरी ने की विदित हो कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार के आदेशानुसार विद्यालयों से विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदन की मांग की गई थी। वहीं बैठक में प्रधानाध्यापकों ने माह सितंबर के प्रयास , हाउस का गठन, हाउस कप्तान ,हाउस लीडर ,हाउस समन्वयक के नाम ,माह अगस्त से माह सितंबर में उपस्थित होने में तुलनात्मक समीक्षा,फॉलिक एसिड टेबलेट का वितरण ,एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अग्रिम शेड्यूल, एसडीएमआईएस का विद्यालय वार प्रोग्रेशन और फ्रिज,ई कल्याण पोर्टल में प्री मैट्रिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन,सामान्य जाति छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023-24,निशुल्क बैग, नोटबुक,पाठ्य पुस्तक तथा ज्ञानसेतु पुस्तक वितरण का प्रतिवेदन समेत अन्य प्रतिवेदन को प्रधानाध्यापकों द्वारा संकुल स्तरीय बैठक में समर्पित की गई।वहीं संकुल साधन सेवी रामकृष्ण पांडेय ने संकुलाधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से तमाम प्रतिवेदन को प्राप्त किया तथा समेकित कर प्रखंड संसाधन केंद्र को उपलब्ध कराया। मौके पर संचालक महेश प्रसाद चौधरी,प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव,राजेश कुमार शर्मा,उमेश राम,जय लाल प्रसाद,सुधीर कुमार मिश्रा, बाबूराम मांझी,मुंशी महतो,बालेश्वर साव, राजू साव,समेत संकुलाधीन विद्यालय के तमाम प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## सीसीएल जीएम ऑफिस चरही में संयुक्त ट्रेड यूनियन के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को सीसीएल जीएम ऑफिस चरही में संयुक्त ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कामरेड बसंत कुमार बीसीकेयू के द्वारा किया गया । वही चरही हजारीबाग क्षेत्र के सभी कामगारों ने पांचो केंद्रीय श्रमिक फेडरेशन के संबद्ध श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों एवं कामगारों के द्वारा 03 अक्टूबर 2023 को लाल बंगला चरही से रैली के माध्यम से महाप्रबंधक कार्यालय चरही के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया। उसके बाद सभी मजदूर नारो के माध्यम से अपनी मांगों को कॉल इंडिया प्रबंधक तक पहुंचने का काम कर रहे थे। उसके बाद यूनियन के संयुक्त मोर्चा के द्वारा अपनी मांग पत्र अमला अधिकारी पल्लव चक्रवर्ती को सौपा गया। वही कॉल इंडिया के मजदूरों ने बताया कि हमलोगों को जून 2023 से तीन माह का 11 वां वेतन के हिसाब से सैलरी दिया गया । लेकिन अब साजिश के तहत हमलोगों को 11 वां वेतन को रोकने का काम कॉल इंडिया के ऑफिसर एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश के जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रोकने का प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में जबलपुर हाई कोर्ट ने अभी यथा स्थिति बनाये रखने का निर्देश दिए है। जिसके कारण मजदूरों का सितंबर माह का भुगतान नहीं हो पाया है । अगर कामगारों को नए वेतन मान से जल्द भुगतान नही किया गया तो बाध्य होकर पूरे कॉल इंडिया में 13 14 और 15 अक्टूबर को सभी कामगारों द्वारा कॉल इंडिया में हड़ताल कर दिया जायेगा । इस प्रदर्शन में मुख्य रूप

## विकास कार्य और खेल का आयोजन दोनों जरूरी : माण्डू विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत में बहु प्रतीक्षित सड़क के नवनिर्माण की आधारशिला रखी जिसमे पंचायत-जोबर के ग्राम- बंदखारो में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत भागीरथ महतो के घर से नागी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं ग्राम पंचायत- नागी में ग्रामीणों की मांग पर कुबीटांड़ नाला में पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।विकास कार्यो के साथ माण्डू विधायक यु.बी क्लब उच्चाघना,बन्दखारो द्वारा आयोजित छः दिवसीय टेकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शिरकत कर किक मारकर फ़ाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। माण्डू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल पूरे मैच में उपस्थित रहकर फाइनल मैच चानो और मड़मो के बीच के रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाया।रोमांचक मुकाबले में चानो की टीम ने मैच जीतकर उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया।विजेता टीम एवम उप विजेता टीम को माण्डू विधायक ने अपने हाथों से पुरूस्कृत किया। और इस मौके पर माण्डू विधायक वन टेकलाल बाबू के संघर्ष के दिनों में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले उनके साथियों को माला पहनाकर एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही विष्णुगढ़ के मेघावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पेन एवम डिक्सनरी देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो, दिनेश कुमार मंडल,बासुदेव महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ह्युंडई ने सभी मॉडल में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में किया छहः एयरबैग का एलान

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की पहली स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर और अपनी शुरुआत से ही यात्री कारों की सबसे बड़ी निर्यातक ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को मजूबती देते हुए आज तीन अहम घोषणाएं कीं। इन ऐतिहासिक घोषणाओं को लेकर एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, ह्युंडई में सभी की सुरक्षा (#safetyforall) हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचर्स के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में 6 एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त, लह्ष्ठक्ककी तरफ से ह्युंडई VERNA को एडल्ट एंड चाइल्ड आक्यूपेंट प्रोटेक्शन के लिए मिले 5-Star Rating के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है। हम केवल स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर ही नहीं, बल्कि सेफ मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर भी हैं। भारतीय सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाते हुए एचएमआईएल भारत में व्हीकल सेफ्टी के मानकों को और ऊपर उठाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी।अपनी शुरुआत से ही ह्युंडई मोटर इंडिया ग्राहकों के लिए सेफ्टी टेक्नोलॉजी तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में प्रयासरत है। 2023 में एचएमआईएल ने महत्वपूर्ण सेफ्टी इक्विपमेंट को स्टैंडर्ड फीचर बनाते हुए और हाई वॉल्यूम मॉडल्स में एक्टिव एवं पैसिव सेफ्टी फीचर्स को बढ़ाते हुए सुरक्षा के मामले में कई महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए हैं।



## आरआर स्पोर्टिंग क्लब के कार्यालय का उद्घाटन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरआर स्पोर्टिंग क्लब का कार्यालय उद्घाटन एवं माता रानी का पूजा अर्चना किया गया इसमें मुख्य रूप से क्लब के संरक्षक विक्की यादव अध्यक्ष राहुल यादव कोषाध्यक्ष रोहित यादव सचिव ललन कुमार, वरीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, बबलू सिंह, उपाध्यक्ष, उत्तम यादव, अमित यादव महासचिव,धर्मेंद्र तिवारी महामंत्री, साजन सेठ दीपक वर्मा हरी गोप, सूरज वर्मा सचिन राजा सिंह शुभम चौधरी बिट्टू चौधरी अभिषेक तिवारी अमित यादव साहिल यादव अभय यादव वरिष्ठ प्रचार मंत्री राजू राय, प्रचार मंत्री सुभाष रॉय, विकास सिंह , यह जानकारी प्रवक्ता आयुष राज वर्मा ने दिया।



## जिला नियोजन व श्रम अधीक्षक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला नियोजन एवं श्रम अधीक्षक कार्यालय अंतर्गत हो रहे कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिला नियोजन पदाधिकारी देव प्रसाद से डीएमएफटी मद द्वारा संचालित गवर्नमेंट फैक्ट्री का जायजा लिया साथ ही उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री द्वारा सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस बनाने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री के द्वारा महिलाओं को और भी किस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा सकता है उसकी भी योजना तैयार करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के पर्यटन स्थलों हेतु 50 बच्चों को टूरिस्ट गाइड साथ ही 50 बच्चों को अमीन का प्रशिक्षण देने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश जिला नियोजन पदाधिकारी को दिया। साथी उन्होंने कोडरमा के तर्ज पर बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने 50 बच्चों को सोलर प्लेट ट्रेनिंग देने हेतु विचार कर जल्द से जल्द प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। श्रम अधीक्षक कार्यालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने श्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से योग्य लागू को लाभावांवित करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश श्रम अधीक्षक अभिषेक कुमार को दिया।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, कुमार प्रभाकर, नितीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।



## भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक माले कार्यालय में संपन्न हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक माले कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, नरेश बडाईक,बिगेन्द्र ठाकुर, देवानंद गोप,सरयू बेदिया, जयवीर हंसदा,करमा मांझी, रामसिंह मांझी अन्य शामिल थे। दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना निंदनीय है.मोदी सरकार द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला जारी है. जिन पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस द्वारा छापा मारा गया है, वे दशकों से निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा से ही सत्ता को आईना दिखाने का काम करते रहे हैं। ऐसे पत्रकारों पर छापेमारी करके केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली दिल्ली पुलिस न केवल इन पत्रकारों को जनसरोकारों के पक्ष में खड़े रहने के लिए धमकाने की कोशिश कर रही है बल्कि वह, इनसे इतर भी जो पत्रकार जनसरोकारों से जुड़े हैं, उन्हें भी भयाक्रांत करने की कोशिश कर रही है. इससे साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार देश में केवल अपना गुणगान करने वाला चारण मीडिया चाहता है, जिसे लोकप्रिय तौर पर गोदी मीडिया कहा जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार बीते दिनों के घटनाक्रम से भयभीत है और उसी भय में बदले की कार्यवाही के तौर पर इन पत्रकारों को निशाना बनाया गया है. विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के रूप में संगठित होने, उसके बाद पुरानी पेंशन स्कीम के पक्ष में कर्मचारियों का दिल्ली में भारी संख्या में जुटना और बिहार में जातीय जनगणना के परिणामों की घोषणा, वो कारक हैं, जिसके चलते केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह हताश और बदहवास हो गयी है. पत्रकारों, एक्टिविस्टों और स्टैंड अप कॉमेडियनों पर छापेमारी, केंद्र सरकार की इसी हताशा और बदहवासी की अभिव्यक्ति है। पहले से ही विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 161 वें स्थान पर है।

## भगवान बिरसा मुंडा चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट पर नॉर्थ कोयलांचल टीम का कब्जा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धमधमिया फुटबॉल मैदाल में खेला जा रहा भगवान बिरसा मुंडा चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गांधी जयंती के शुभ अवसर पर खेला गया. टुर्नामेंट का फाइनल मैच नामकुम और नॉर्थ कोयलांचल के टीम के बीच खेला गया. मैच में दोनो टीमें 1-1 गोल की बराबरी रही. मैच का निर्णय पैनाल्टी शूट आउट से हुआ. जिसमें नॉर्थ कोयलांचल की टीम ने नामकुम की टीम को 5-3 गोल के अंतर से हरा कर टुर्नामेंट पर अपना कब्जा जमाया. मैच में मैन ऑफ मैच नॉर्थ कोयलांचल टीम के अमन कुमार रहे.इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहिणी परियोजना मैनेजर दीपक कुमार सिंह एवं विषिश्ट अतिथि तुमांग पंचायत मुखिया संतोश कुमार महली व पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, अध्यक्ष कजरू भोगता, सचिव पयहारी भगत, गणेश मोदी, बहुरा मुंडा उपस्थित थे. अतिथियों द्वारा विजेता टीम नॉर्थ कोयलांचल की टीम को बड़ा ट्रॉफी के साथ 50,000 रूपये नगद राषि एवं उपविजेता रही नामकुम की टीम को छोटा ट्रॉफी और 30,000 रूपये का नगद राशि का पुरस्कार प्रदान किया. वहीं मैन ऑफ द मैच रहे नॉर्थ कोयलांचल के अमन कुमार एवं मैन ऑफ द सीरीज रहे नामकुम टीम के अनमोल एक्का को पुरस्कृत किया गया. मौके पर सोनू ठाकुर, विनय उरांव, केलेष्वर उरांव, जगजीवन राम, नंदकिशोर प्रजापति, जे पी नायक, नंदकिशोर उरांव, अभयनारायण राम, कुलेष्वर मुंडा, अर्जुन गंझू, सूरज लोहरा, उमेश लोहरा, रोहित, आयुष, मोहित, पप्पु, मोलू, गोलू, शुभम, करण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# झारखण्ड किसान महासभा और जय झारखण्ड अभियान की संयुक्त बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखण्ड किसान महसभा और जय झारखण्ड अभियान के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रामगढ़ जिले के कैथा में हुई । विदित हो कि, झारखण्ड किसान महसभा प्रदेश के किसानों के सर्वांगीण विकास और उनके हक अधिकार तथा , राज्य में एक बेहतर कृषि व्यवस्था के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। बीते कुछ वर्षों में महासभा के द्वारा तकनीकी और विज्ञान समावेशित कृषि के लिए जहां एक तरफ कई प्रयास किये गए और जिसका जबरदस्त प्रभाव भी देखने को मिल रहा है , वहीं दूसरी तरफ झारखण्ड की कृषि कृषि नीति और योजनाओं के निर्माण के स्तर पर राज्य के किसानों का प्रत्यक्ष हस्तछेप हो इसके लिए सरकार और संबंधित विभाग तथा अधिकारियों के साथ लगातार संवाद भी करती रही है। यहाँ यह बर्णन करना जरूरी है कि, झारखण्ड किसान महासभा ने जब से कृषि निदेशालय के स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है तब से अनगिनत ऐसे घोटाले सामने आए है जो किसानों के नाम पर योजनाए बना कर किये गए है । प्रदेश में एक मजबूत कृषि व्यवस्था बहाल हो इसके लिए यह अतिआवश्यक है कि , राज्य के किसानों का एक सुसंगठित मंच हो और किसानों का मजबूत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्ति हो और इसी उद्देश्य के साथ झारखण्ड किसान महासभा लगातार कार्य कर रही है। भारत मे किसानों का अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष का इतिहास काफी पुराना रहा है और किसान हित मे झारखण्ड राज्य के कई और संगठन भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है ।किसानों के संघर्ष यात्रा में एक मजबूत कड़ी के रूप में जय झारखण्ड अभियान काफी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जय झारखण्ड अभियान राज्य में पारदर्शी और मजबूत सामाजिक संरचना के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है ।



# भुरकुंडा में टेलीकॉम वर्ल्ड मोबाइल दुकान में हजारों की चोरी

## भुरकुंडा में आए दिन हो रही चोरी, लोग परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के जनता टॉकीज के निकट मोबाइल टेलीकॉम दुकान में चोरों ने चोरी का घटना को अंजाम दिया है। दुकान का एजबेस्टस और सिलिंग तोड़कर चोर हजारों रूपये के सामान और 4200 रूपये नकद उड़ा ले गए हैं।भुक्तभोगी दुकानदार सागीर ने बताया कि सोमवार की देर शाम रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर गये। मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर दुकान का एजबेस्टस उखड़ा हुआ पाया। चोरों ने दुकान से 4200 नकद समेत तकरीबन 20 से 25 हजार के सामान की चोरी की है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताते चलें कि भुरकुंडा में आए दिन दुकानों में चोरी हो रही है। दुकानों के एजबेस्टस उखाड़ लगातार चोरी की जा रही है। हाल के दिनों में दर्जन भर से ज्यादा दुकान-मकान में चोरी हुई है। बीते शुक्रवार बिरसा चौक स्थित नंदनी टेलीकॉम और इलेक्ट्रिकल्स में चोरी हुई थी। इससे पूर्व एक ही रात में एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाया गया है। भुरकुंडा ओपी के ठीक सामने गया बेटल शॉप में दो बार चोरी हुई है। भुरकुंडा पुलिस चोरों को पकड़े में फिलहाल पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। चोरी की घटनाओं पर भुरकुंडा पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। दुकानदारों में काफी रोष देखा जा रहा है। चर्चा है कि सीसीएल में लोहा और कबाड़ चुराने वाला गिरोह अब दुकानों को लगातार निशाना बना रहा है। पुलिस चोरी पर रोक नहीं लगा पा रही है।



# पिछले नौ वर्षों से देश में हो रहा परिवर्तन चलते रहना चाहिए : डॉ. प्रदीप वर्मा

## भाजपा खलारी मंडल के बूथ कमेटी का हुआ सत्यापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पिछले नौ वर्षों से देश में हो रहा परिवर्तन चलते रहना चाहिए. यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी सहित अन्य सहयोगी संगठन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करने में लगे हैं. इसी के तहत पूरे देश में भाजपा की ओर से मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथों का सत्यापन किया जा रहा है. ये बातें भाजपा प्रदेश महामंत्री डा प्रदीपकुमार वर्मा ने खलारी के एनके एरिया वीआईपी क्लब में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही.डा वर्मा खलारी मंडल के प्रवासी प्रभारी के रूप में दूसरी बार यहां की बूथ कमेटियों का सत्यापन करने आए थे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का कद काफी बढ़ा है. प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का ही असर है कि सेना के लिए नट बोल्ट तक आयात करने वाला भारत आज रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि गोला बारूद और हथियार निर्यात कर रहा है. कहा कि कभी सपना लगने वाला राम मंदिर तथा धारा 370 हटाना आज सच्चाई है. कहा कि आज के कार्यकर्ता भाग्यशाली हैं जो देश के इस परिवर्तन दौर को देख रहे हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने की. इसमें खलारी मंडल के सभी 14 शक्तिकेंद्र संयोजकों व 60 बूथ के अध्यक्षों का सत्यापन कार्य पूर्ण हुआ.संचालन मंडल महामंत्री अनिल गंझू व धन्यवाद ज्ञापन एसटी मोर्चा अध्यक्ष रवीन्द्र मुंडा ने किया. बैठक में मंडल के स्थाई प्रभारी सतीशकुमार शाह, जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता अरविंद सिंह, भरत रजक, आनंद झा, शत्रुंजय सिंह, दिलीप पासवान, किरण देवी, सिन्नी समाद, शिवकुमार चौधरी, मिथिलेश प्रजापति, कमलेश तुरी, संजीत तुरी, रामधारी गंझू, आनंद सिंह, रामेश्वर महतो, नागदेव सिंह, आदि थे ।



**झारखण्ड सरकार**
**खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)**

संख्या-13/2023-24 | **अति अल्पकालीन निविदा** | राँची, दिनांक-30.09.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा आयोजित की जाने वाली "Jharkhand Asian Women's Hockey Champions Trophy, 2023" के सफल आयोजन हेतु विविध कार्यों के निमित्त आवश्यक विभिन्न सेवाएँ हेतु दर निर्धारण के निमित्त इच्छुक लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों/फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक-07.10.2023 को अप० 01.00 बजे तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची अवस्थित निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय में निविदा समर्पित कर सकते है। 'निविदा की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं इस निदेशालय के वेबसाईट – https://sports.jharkhand.gov.in के Tender Section से Download की जा सकती है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती/बाद की आवश्यक संशोधन एवं अन्य सूचनाएँ आदि निदेशालय के वेबसाईट https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित, रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह०/-
निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य, निदेशालय, झारखण्ड, राँची

PR 308245 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार, झारखण्ड खेल प्राधिकरण**
**(पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग)**
**गेट सं० - 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची**
email – sajha9@gmail.com

सू०सं०. 37 दिनांक– 03.10.2023
**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Women's Asian Hockey Champions Trophy 2023 का आयोजन के तैयारी हेतु 500 KVA Silent DG Set की आपूर्त्ति करने के निमित इच्छुक, योग्य एवं अधिकृत निर्माता फर्मो/विक्रेताओं से अलग-अलग मुहरबंद "अति अल्पकालीन निविदा" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना सीलबंद निविदा दिनांक 10.10.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, गेट सं०- 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची-834008 के पदनाम एवं पता पर भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 10.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएगी। 'निविदा' की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं इस कार्यालय के वेबसाईट – www.sajha.in से Download की जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित, रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह०/-
उप निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण।

PR.NO.308121 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023- 24 के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में किया गया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023-24 के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत किए जा रहे हैं कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई इस दौरान सुपरवाइजर व बीएलओ द्वारा किए गए घर-घर जा कर सत्यापन के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहर्ताधारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र - 7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक किए गए कार्यों का जानकारी दी गई । बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, रामगढ़ ने हाउस टू हाउस सर्वे कार्यों में पीडब्ल्यूडी मतदाता, नए मतदाता एवम् मृत्य मतदाताओं का अच्छे से सत्यापन कर डाटा तैयार करने का निदेश दिया गया साथ ही हाउस तो हाउस सर्वे के दौरान मतदाताओं का सही डाटा उपलब्ध कराने को लेकर विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ अंतर्गत बूथ संख्या 1,44,51,85,91,94 बूथों का हाउस टू हाउस सर्वे पुनः कर मतदाताओं का सही सत्यापन करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरहौर जनजाति व ट्रांसजेंडर के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य हेतु अथवा उनके अपने अधिकार से वंचित न हो इसके तहत उपस्थित सभी सुपरवाइजर को पीडब्ल्यूडी मतदाता व बिरहौर जनजाति एवं ट्रांसजेंडर जो 18 प्लस है ।



## बारिश से कंजगी, बुमरी ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की हालत हुई दलदली, लोग परेशान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार तीन दिनों से रुक-रुककर हो रही झमाझम बारिश ने मांडू के बुमरी पंचायत सड़कों की हालत तालाब और दलदली जैसी बना दी हैं। ग्रामीणों को दलदल भरे सड़कों से जोखिम उठाकर पैदल गुजरना पड़ता हैं। वाहन चालक फिसलते, गढ्ढो में फंसते हुए किसी प्रकार आगे बढ़ते हैं। गांव में बाहर से आने वाले लोगों को खास परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। बुमरी के कंजगी, बुमरी, बुढ़ारीबागी, हरिजन टोला-चपरी व चुंबा सड़कों पर जगह-जगह बड़े छोटे गहरे गड्ढे उभर आए हैं। इसमें लोग गिरते पढ़ते भी रहते हैं। अभी तक किसी भी विभाग के द्वारा सड़कों के गढ्ढो की मरम्मत के लिए उपाय नहीं किया जा रहा हैं। जिससे आगे आने वाले त्योहारों के मौसम में लोगों को गढ्ढो से हिचकोले खाते हुए अपने वाहनों को लेकर गुजरना होगा। जो दुर्घटनाओं को दावत देने वाला होगा। इधर सांडी मुख्य मार्ग पर भी बरसाती जल जमाव हो गया हैं। इससे राहगीर व वाहन चालक काफी परेशान हैं।



## असहाय वृद्ध महिला की हुई मौत, मुखिया के पहल पर किया गया दाह संस्कार

**कुज्जू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के कुजू पश्चिमी पंचायत के रामनगर में कई वर्षो से रह रही लावारिश और बेसहारा महिला की मंगलवार दोपहर को मौत हो गई । इस संबंध में बताया जाता है कि महिला का नाम पनवा देवी थी । जो विगत 5-6 वर्षो से रामनगर स्थित जर्जर अंबेडकर भवन में रहती थी । काफी समय से वह बीमार चल रही थी । जब तक वह जीवित रही स्थानीय लोगों की मदद से खिलाई पिलाया जा रहा था परंतु विगत एक माह से उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई और वह अपने स्थान से चल फिर नहीं पाती थी । आज दोपहर को उसकी मौत हो जाने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा कुज्जू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा को सूचना दिए जाने के बाद मुखिया जयकुमार ओझा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू सुधीर प्रकाश, वार्ड सदस्य, मो.शमसाद समाजसेवी सनी वर्मा, अमित सिंह ,मुकेश सिंह और ग्रामीणों की उपस्थिति में स्थानीय लोगों को विधि विधान के साथ दाह संस्कार कराने का दिशा निर्देश देते हुए कफन और संस्कार के सामानों का सहयोग किया ।



## मजदूर नेता ने पीड़ित परिवार को दी मदद

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी प्रखंड के दो गांव के पीड़ित परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराते हुए मदद की.कुछ दिन पूर्व खलारी प्रखंड के राय दरहा टांड गांव के युवक अजय राम की एक दुर्घटना में गर्दन टूट गई थी. रिम्स में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई थी. बेहद ही गरीब परिवार से आने वाले मृतक युवक के परिजनों को भोज के लिए खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया.वही ठरहा गांव के लालदेव महतो की कुछ दिन पूर्व मौत हो गई थी. मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें संतावना दिया और खाद्यान्न उपलब्ध कराया.इस मौके पर सोनू पांडे, सुनील सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार, झारखण्ड खेल प्राधिकरण**
**(पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग)**
**गेट सं० - 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची**
email – sajha9@gmail.com

सू०सं०. 36 दिनांक– 03.10.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Women's Asian Hockey Champions Trophy 2023 का आयोजन के तैयारी हेतु LED P6 Outdoor Dimensions - 40 ft x 20 ft की आपूर्त्ति करने के निमित इच्छुक, योग्य एवं अधिकृत निर्माता फर्मो/विक्रेताओं से अलग-अलग मुहरबंद "अति अल्पकालीन निविदा" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना सीलबंद निविदा दिनांक 10.10.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, गेट सं०- 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची-834008 के पदनाम एवं पता पर भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 10.10.2023 के अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएगी। 'निविदा' की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं इस कार्यालय के वेबसाईट – www.sajha.in से Download की जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित, रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह०/- उप निदेशक,
झारखण्ड खेल प्राधिकरण

PR 308122 Art Culture Sports and Youth Affairs (23-24)_D

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला पंचायत शाखा)**
Email - dprogarhwa84@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 778(i) दिनांक– 12.09.2023 के आलोक में त्रिस्तरीय पंचायत (उप) निर्वाचन 2023 के तहत गढ़वा/मेराल/डंडई/बरडीहा/ भवनाथपुर/ धुरकी/रमना/विशुनपुरा/भंडरिया एवं बड़गड़ के मुखिया एवं ग्राम पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन दिनांक– 30.09.2023 को कर दिया गया है।

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों यथा संबंधित प्रखण्ड कार्यालय, संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय, जिला पंचायत राज कार्यालय में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक– 10.10.2023 तक (अवकाश के दिनोंको छोड़कर) 11:00 पूर्वाह्न् बजे से 05:00 बजे शामतक रखी जाएगी। प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर प्राप्त दावा/आपत्तिका निराकरण दिनांक– 10.10.2023 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जाएगी।

प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु पंचायत क्षेत्रानुसार निम्न विवरण के अनुसार पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम | मोबाईल नम्बर | दावा/आपत्ति देने हेतु चिन्हित स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गढ़वा | श्री कुमुद कुमार झा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गढ़वा | 9931017354 | प्रखण्ड कार्यालय, गढ़वा |
| 2. | मेराल | श्री प्रवेश कुमार साह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मेराल | 9097771343 | प्रखण्ड कार्यालय, मेराल |
| 3. | डंडई | श्री सोमा उरॉव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डंडई | 9801148804 | प्रखण्ड कार्यालय, डंडई |
| 4. | बरडीहा | श्री अशोक कुमार भारती, प्रखण्ड विकासप दाधिकारी, बरडीहा | 8750276839 | प्रखण्ड कार्यालय, बरडीहा |
| 5. | भवनाथपुर | श्री जयपाल महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भवनाथपुर | 8709572484 | प्रखण्ड कार्यालय, भवनाथपुर |
| 6. | धुरकी | श्री अरूण कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, धुरकी | 7050071058 | प्रखण्ड कार्यालय, धुरकी |
| 7. | रमना | श्री ललित प्रसाद सिंह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रमना | 8102225905 | प्रखण्ड कार्यालय, रमना |
| 8. | विशुनपुरा | श्री हीरकमन्ना केरकेट्टा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, विशुनपुरा | 9472726605 | प्रखण्ड कार्यालय, विशुनपुरा |
| 9. | भंडरिया | श्री विपिन कुमार भारती, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भंडरिया | 9110969863 | प्रखण्ड कार्यालय, भंडरिया |
| 10. | बड़गड़ | श्री विपिन कुमार भारती, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ | 9110969863 | प्रखण्ड कार्यालय, बड़गड़ |

संबंधि तपंचायत/वार्ड क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक– 30.09.2023 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक– 10.10.2023 तक कार्यालय अवधि में प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में दावा आपत्ति हस्तगत करा कर निष्पादित करा लेंगे। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह0/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
-सह-उपायुक्त, गढ़वा

PR 308139 Panchayati Raj (23-24)_D

## साथी फाउंडेशन स्कूल में राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर स्थित निशात नगर में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चो का स्कूल साथी फाउंडेशन मे संस्था के संचालक इरफान आलम, उपाध्यक्ष शुभंकर मित्रा एवं शिक्षिकाओं के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान इरफ़ान आलम ने कहा कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाते हैं। दोनों महापुरुषों का देश के स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान रहा है, और सभी जिले वासियों की तरफ से हम सभी लोग, दोनों महापुरुषों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। उम्मीद करते हैं इन दोनों महापुरुषों ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है, उन पर हम अमल करें और उनके दिए हुए मूल्यों का अनुसरण और पालन करें, और समाज को विकास के पथ पर आगे ले चलें। स्कूल में गाँधीजी के जन्मदिन के मौके पर सभी बच्चों के बिच केक, चॉकलेट, बिस्किट आदि का वितरण किया गया।

## पांडरपाला में हुआ आयुष्मान सभा का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 के भारत चौक पांडरपाला में सीएचओ आरिया कुमारी, बीटीटी रेनू देवी, एएनएम सारिका कुमारी, सहिया साथी सबीता देवी और इस क्षेत्र के सहियाओं के द्वारा आयुष्मान सभा का आयोजन किया गया। आयुष्मान सभा में स्थानीय लोगों को आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड की जानकारी दी गई और स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झामुमो नेता मोहम्मद सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे। आयुष्मान सभा को सफल बनाने में सहिया बेबी देवी, सहिया टुसू देवी, संध्या देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, बसीरुन निशा, जूली खातीं, साजदा बानो, सुनैना देवी, चिंता देवी, बिमला देवी, गीता देवी, साबरी देवी, पबीता देवी, रेखा देवी, रंभा श्रीवास्तव आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत गिरिडीह प्रखंड के विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भूपतडीह, चुंगलो, धुरैता, दुम्मा, कसैतोल, पोबी के सब सेंटर्स तथा नवडीहा प्राइमरी हेल्थ सेंटर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जमुआ में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जहां स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों के विशेष टीम के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का भी स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, मलेरिया, टाइफाइड, सहित अन्य रोगों का जांच किया गया और जरूरत अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। मेडिकल जांच शिविर में कई लोगों का जांच किया गया तथा मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के साथ दवा भी उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा मेडिकल जांच शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, ताकि स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सकें।

## जीआरपी ने रेलवे ट्रैक पर सिर कटी लाश किया बरामद

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र टुण्डू स्टेशन के समीप अज्ञात व्यक्ति की सिर कटी लाश पोल संख्या 17/33 के पास कतरास जीआरपी ने बरामद किया, ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम दृष्टया से आत्माहत्या लगा रहा है कतरास जीआरपी गजेंद्र राय के उपस्थिति में ग्रुप डी के कर्मचारियों ने लाश को ट्रैक से हटाया काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे सभी ने नजदीक जाकर देखने के बाद पहचान नहीं कर पाया जीआरपी ने स्थानीय थाना को सुचना दी प्रशासन मौके पर पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन, 107 मरीजों की हुई जांच



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदवारटांड़ स्थित सीएम प्लाजा परिसर में लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल और शिक्षा समाधान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एएसजी आई हॉस्पिटल, धनबाद के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, विशिष्ठ अतिथि बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद, रीजनल चेयरपर्सन सुनील कुमार सिंह, शिक्षा समाधान ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर साव एवं ट्रस्ट के संरक्षक गौतम मंडल ने संयुक्त रूप से किया। शिविर मे 107 मरीजों की जांच हुई जिसमे 19 लोगों की आँखों मे मोतियाबिंद पाया गया जिनका ऑपरेशन एएसजी अस्पताल मे होगा।

# रंगदारी के लिए गोलीबारी व बमबाजी कर धमकी देने वाले 4 अपराधी गिरफ्तार

### आधा दर्जन हथियार के साथ 56 जिंदा कारतूस और 50 हजार रुपए नगद बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के व्यावसायियों को रंगदारी के लिए गोलीबारी और बमबाजी कर धमकी देने वाले 4 अपराधियों को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से आधा दर्जन हथियार के साथ 56 जिंदा कारतूस और 50 हजार रुपए नगद बरामद की गई है। यह जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजन कर दी। उन्होंने बताया कि प्रिंस खान के नेक्सस को तोड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम मे ये सफलता मिली है। मेजर खान के नाम पर दी जाती थी धमकी एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नसीम अंसारी खुद को मेजर खान बता कर व्यवसाईयों को धमकी देता था। इससे पहले वह जेल भी जा चुका है। 8 साल से वह जेल में था। फिलहाल पेरोल पर बाहर निकला था। इसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दे रहा था। उन्होंने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में कुछ सफेदपोश लोग एवं कुछ फर्जी पत्रकार भी शामिल है, जो वायरल करने की धमकी देते थे। ऐसे कई नाम सामने आ रहे हैं जिनकी अभी जांच की जा रही है। जिसके भी खिलाफ सबूत पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई होगी। हथियार सप्लायर और व्यवसायियों का नाम भेजने वाला भी गिरफ्तार अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मेजर खान के नाम पर चिट्ठी वायरल करने वाला प्रिंस खान का गुर्गा नसीम अंसारी पश्चिम बंगाल में रह रहा है और वहां से ही सारी घटना को अंजाम दे रहा था। वही विकास सिंह हथियार सप्लाई करता था। इसके अलावा राजू अंसारी व्यवसायियों का नंबर इकट्ठा करता था, जिसे नसीम अंसारी को दिया जाता था और वह प्रिंस खान को भेज देता था। जहां से प्रिंस खान व्यवसाईयों को धमकी देता था। इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए अपराधियों में नसीम अंसारी नया मोहल्ला आसनसोल पश्चिम बंगाल में रहता था लेकिन इसका स्थाई घर कतरास के छाताबाद का है। दूसरा अपराधी सद्दाम अंसारी जो नसीम का रिश्तेदार था और वह नसीम का सारा काम देखता था। यह गिरिडीह का रहने वाला है। वहीं तीसरा अपराधी राजू अंसारी धनबाद के जोगता का रहने वाला है। वहीं चौथा अपराधी विकास सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

## भारी बरिश के कारण मकान ध्वस्त, जनप्रतिनिधि बेखबर



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के जाताखूंटी पंचायत के ढोंगाबेड़ा गांव निवासी पेजवा देवी की लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण रात 12:00 बजे मिट्टी का मकान भर भरा कर गिर गया। प्राप्त समाचार के अनुसार ढोंगा बेड़ा निवासी पेजवा देवी की लगातार मूसलाधार बारिश के कारण मिट्टी का मकान रात अचानक 12:00 बजे भराभर कर गिर गया उस समय पेजवा अपने मकान पर नींद से सो रही थी गिरने की आवाज सुनते ही भागी भागी किसी तरह जान बचाने में सफल हुई। बताया जाता है कि पेजवा देवी के दो पुत्र हैं जो कि बाहर मजदूरी करने के लिए गए हुए हैं 7घर में छोटे-छोटे बच्चों के साथअकेले घर में थी। इसी बीच भारी बारिश होने के कारण मकान भरभरा कर गिर गया। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि 62 वर्ष की उम्र में इसको सरकार द्वारा प्रदत्त वृद्धा पेंशन से भी वंचित कर दिया गया है अभी तक वृद्धावस्था पेंशन का लाभ इसें नहीं मिलने के कारण किसी तरह छोटे छोटे बच्चों के साथ गुजारा कर रही है इसी बीच भारी वारिश ने बेघर कर दिया। संवाददाता को बताया कि आज मेरा उम्र 62 साल होने पर भी मुझे किसी प्रकार की सरकारी सुविधा नहीं मिल पाया है और ना ही इतनी बड़ी घटना के बाद ही कोई जनप्रतिनिधि शुद्ध लेने मेरे यहां पधारे हैं।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह व कलश यात्रा निकाली गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल वेब इन्टरनेशनल टटकारी में मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह के लिए भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इसमें तीसरी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा के कुल पांच सो से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही बच्चों के द्वारा कई मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। यात्रा के दौरान बरमसिया, गोल्हैया, सियाटांड, चोरगता, नवडीहा, खरगडीहा व पारडीह से मिट्टी संग्रह करते हुए सभी छात्र पुनः विद्यालय पहुंचा। दस किलोमीटर तय कर बच्चों ने विभिन्न स्थानों से मिट्टी संग्रह किया। बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा। साथ ही क्षेत्र के लोगों ने भी उक्त कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय के प्रिंसिपल लाला सुरज कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत इस यात्रा का काफी महत्व है। बच्चों द्वारा जो मिट्टी संग्रह किया जा रहा है। उसे राज्य सरकार के माध्यम से वीरों के लिए दिल्ली में बनने वाले युद्ध स्मारक में भेजा जाएगा। विद्यालय के डायरेक्टर कृष्णा सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की मिट्टी से जुड़ने का कार्यक्रम है। मौके पर मोनाली गुप्ता, शंकर कुमार राय, गौरव कुमार, नितेश कुमार, टिकेश्वर प्रजापति, अंकित कुमार, राकेश कुमार, पिंटू कुमार, प्रह्लाद, स्कूल कोऑर्डिनेटर मोनाली गुप्ता, महिमा विश्वकर्मा, सीमा, काजल, रूबी सिन्हा, गायत्री सिंह आदि शामिल थे।

## गिरिडीह बड़ा चौक के समीप मंदिर में लाखों रुपये की मूर्ति व हनुमानजी के पांव के कड़े की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र में विगत 15 दिनों से बढ़ गई चोरी की घटनाओं को लेकर गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा से वार्ता की और रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। वही सोमवार की शाम को बड़ा चौक के समीप मंदिर में लाखों रुपये की मूर्ति और हनुमानजी के पांव के कड़े की चोरी राजगाडिया मंदिर में हुई चोरी को काफी गंभीरता से पुलिस अधीक्षक ने लिया है। इसके साथ ही चैंबर सदस्यों ने शहर के फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण और ट्रैफिक नियंत्रण में हो रही परेशानी और विभिन्न स्थानों पर रोज लगते जाम के लिए भी पुलिस अधीक्षक महोदय से कार्रवाई का अनुरोध किया। इसके साथ ही यह भी अनुरोध किया गया की ट्रैफिक नियंत्रण के लिए निर्धारित मार्ग पर सीमित संख्या में टोटो चलने की अनुमति दी जाए और जो शहर के अंदर हजारों टोटो घूमते रहते हैं उनके लिए अलग-अलग रोड मैप बना कर दिया जाए ताकि शहर के अंदर सीमित संख्या में टोटो रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और जल्द ही कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने चैम्बर के सदस्यों से कहा की अधिक से अधिक दुकानदार अपने घर दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाए ताकि किसी भी चोरी का या अन्य अपराध का उद्भेदन करने में जनता का सहयोग पुलिस विभाग को प्राप्त हो सके।

## मुखिया सहित सात पंचायत को पीएचईडी के द्वारा उत्कृष्ट स्वच्छता प्रशस्ति पत्र प्रदान किया



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला जल एवं स्वच्छता समिति धनबाद द्वारा लोहापट्टी मुखिया सुनिता देवी सहित सात पंचायत को प्रसशति पत्र दिया गया ढ्ढ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फैज-।। अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान 15 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक चलाये गये स्वच्छता कार्यक्रम मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बाघमारा प्रखण्ड के सात पंचायत का मुखिया को प्रशस्ति पत्र दिया गया ढ्ढ जिसमे लोहापट्टी पंचायत के मुखिया सुनिता देवी, छ्त्रुटॉड़ पंचायत के मुखिया नन्दनी देवी, महुदा पंचायत के मुखिया बदरूद्दीन अन्सारी, जमुवाटाँड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप, निचितपुर-1 के मुखिया उषा देवी, मलकेरा उत्तर के मुखिया अन्जना देवी, मलकेरा दक्षिण के मुखिया बिनोद कुमार रजक, सामील है।

## रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 69 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा 'रेल कौशल विकास योजना' के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को दिनांक 07.09.2023 से 27.09.2023 तक पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रषिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 24वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र/दानापुर में 22वें बैच के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणोंपरांत कुल 69 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1710 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है।

पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 24वें बैच में फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 21 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 24वें बैच के रूप में प्रशिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 15 युवकों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत कर्षण प्रषिक्षण केंद्र में 24वें बैच में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 16 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## झारखंड में भी हो जाति आधारित जनगणना : आप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने मंगलवार को प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना करवाने की मांग की है। बिहार में जाति जनगणना का रिपोर्ट जारी होने के बाद झारखंड में भी जाति जनगणना की मांग उठने लगी है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद देश का पहला राज्य बिहार है जिसने जाति आधारित जनगणना करवाई और पूरे देश के सामने रिपोर्ट जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सारी योजनाएं जाति और वर्ग आधारित बनती है और जब जाति आधारित जनगणना ही नहीं होगी तो सारा प्लानिंग फेल होना निश्चित है। जाति जनगणना हो जाने से हर जाति और वर्ग का जनसंख्या निकलकर सामने आयेगा और विकास की योजना बनाने में मदद मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि आबादी के हिसाब से राजनीति में हिस्सेदारी भी मिलना चाहिए। अधिकांश पार्टियों में कुछ जातियों तक राजनीति सिमटी हुई है और वर्षों से कई जातियां उपेक्षित हैं। और उनका राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक रूप से आज तक विकास नहीं हो पाया। श्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में है।

झारखंड सहित पूरे देश में जाति जनगणना होना चाहिए और आजादी के बाद वर्षों से उपेक्षित जातियों का विकास सुनिश्चित होना चाहिए।

## खुशी कुमारी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई की छात्रा खुशी कुमारी ने दिनांक 26/09/23 को खेले गए पांचवें राजकीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय और राज्य का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता जमशेदपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें अंडर - 19 कैटेगरी में खुशी कुमारी ने 15 मीटर और 10 मीटर में स्वर्ण पदक हासिल की तथा ओवरऑल के लिए भी स्वर्ण पदक दिया गया। इसी के साथ खुशी कुमारी का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए घोषित किया गया। खुशी की इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने भी पदक पहनाया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही खुशी की अच्छी तैयारी हो इसके लिए उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## रामपरीखा मध्य विद्यालय के छत का प्लास्टर गिरा, 37 बच्चे बालबाल बचे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया शिक्षा विभाग के डिगवाडीह दस नंबर स्थित रामपरीखा मध्य विद्यालय के कक्षा 5 एवम 6 के रूम के छत का प्लास्टर मंगलवार को अचानक आवाज के साथ गिरने से कक्षा में पढ़ाई कर रहे 37 बच्चे बाल बाल बच गए है। मालूम हो कि विद्यालय भवन का पिछले कई साल से मरम्मती नहीं होने के कारण विद्यालय का हर कमरा लगभग जर्जर हो गया है। विद्यालय कि मरम्मती को लेकर प्रधानाध्यापक द्वारा लगातार पत्राचार करने के बाद भी शिक्षा विभाग कि ओर से मरम्मती कराने कि दिशा में कोई पहल नहीं करने से विद्यालय कि स्थिति लगातार जर्जर होता चला गया। विवश होकर छात्र व शिक्षक को शैक्षणिक कार्य पुरा करना पड़ता है। इस दौरान लगातार हो रही बारिश के दबाव में आज पठन पाठन के दौरान छत में आवाज आने से शिक्षक ने सतर्कतापूर्वक तत्काल कक्षा के सभी 37 छात्रों को रूम से बाहर निकालते ही छत का प्लास्टर गिरने लगा जिसमें सभी छात्र बाल बाल बच गए। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक रजनीश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय कि जर्जर भवन कि मरम्मती के लिए कई बार जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित शिकायत की गई। परन्तु अभी तक भवन का मरम्मत कार्य नही किया गया है। आज विद्यालय में छत कि प्लास्टर गिरने कि घटना की सूचना झरिया बीओ लक्ष्मी कुमारी को दिया गया है।

### जल्द चकाचक होगी कतरास तोपचांची से निचितपुर स्टेशन तक की सड़क

## विधायक ढुल्लू महतो व डॉ उमा शंकर ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कतरास :** तोपचांची कतरास पथ के आसपास रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है कि अब जल्द ही तोपचांची मार्ग से निचितपुर स्टेशन सड़क मार्ग में आवागमन सुगम होगा। इसके लिए विधायक ढुल्लू महतो व डॉ उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रुप से पूजन व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ढुल्लू ने कहा कि निचितपुर एवं इसके आसपास के लोगों के मांग को गंभीरता से लेते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर उपस्थित सेकडों लोगों ने विधायक ढुल्लू को बधाई दिए। मौके पर टिंकू तिवारी, जिप अध्यक्ष के प्रतिनिधि शेखर सिंह, सीटू मिश्रा, पिंटू दे, राजेश स्वर्णकार, रघुनाथ हजारी, श्रीकांत चटर्जी, विजय सिन्हा, राजेश गुप्ता, बिमल राजवार, प्रदीप गुप्ता, निलेश सिंह, बबलू मिश्रा, तिरुपति सिंह, सीटू सिंह, आदि थे।

## शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे विधायक राज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारी बारिश के कारण धैया स्थित दास बस्ती मे झोपड़ी के गिर जाने से झोपडी में रह रही एक वृद्ध महिला की मौत दिनांक 02 अक्टूबर की सुबह हो गई थी। वहीं दिनांक 03 अक्टूबर को परिवार एवं मोहल्ले वासियों से सुचना मिलने पर धनबाद विधायक राज सिन्हा घटना का जायजा लेने पहुंचे। मौके पर विधायक ने धनबाद सी.ओ को घटना स्थल पर फोन कर बुलाया और पूरी घटना से अवगत कराया। घटना की जाँच कर शोकाकुल परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही।

# निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का घटिया निर्माण देख विधायक भूषण बाड़ा ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक

## पूर्व में बने बॉड्री के दीवाल को तोड़ कर नए सिरे से बनाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय सुविधा युक्त हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्टेडियम निर्माण कार्य की गुणवत्ता देख विधायक भड़क गए। साथ ही उन्होंने निर्माण किए गए दीवाल को तोड़ कर नए सिरे से निर्माण करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने बहुत ही घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किये जाने पर नाराजगी ब्यक्त करते हुए काम बन्द करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने पाया कि स्टेडियम निर्माण के लिए बनाए जा रहे बॉड्री निर्माण में एकदम ही घटिया किस्म का इंट का प्रयोग किया जा रहा है। इंट इतना कमजोर है कि पकड़ने से ही टूट कर भरभरा जा रही है। जिस पर विधायक ने उस ईट से बनाये गए सभी बॉड्री को तोड़कर नए सिरे से एक नम्बर ईट से बॉड्री का निर्माण करने का निर्देश दिया। विधायक ने देखा कि निर्माण कार्य मे एकदम ही घटिया किस्म के लोकल श्री जंग रोधक सीमेंट, लोकल सपकोन का छड़ एवं लोकल चिप्स का प्रयोग किया जा रहा है। छड़ भी सही से बांधा हुआ नहीं पाया गया। इतना ही नहीं बॉड्री निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे की गहराई भी कम पाई गई। विधायक ने देखा कि बॉड्री के आधे दीवाल तक ही छड़ बांधकर ऊपर में ढलाई किया जा रहा था। महिला मजदूरों को भी कम मजदूरी मिलने की शिकायत मिली। वहीं निर्माण कार्य मे बाल मजदूरी भी कराते हुए पाया गया। इसके अलावे बालू, सीमेंट एवं चिप्स का रेशियो भी सही मात्रा में नहीं मिला। मौके पर विधायक ने कहा कि विकास कार्य मे गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्ट संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करेंगे। विधायक ने निर्माण कार्य मे स्थानीय मजदूरों से करवाने के बजाय बहार के मजदूरों से कराए जाने पर भी कड़ी नाराजगी ब्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकल मजदूरों को काम मे रखें। हमारे मजदूर भाई काम की तलाश में ऐसे ही संवेदक के कारण पलायन करते हैं। निर्माण कार्य मे स्थानीय मजदूरों से ही काम होना चाहिए। निरीक्षण के क्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद भी उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया गया रात्रि रक्त पट संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौरो गांव में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के स्वास्थ्य कर्मीयो द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त पट संग्रह किया गया। इस दौरान प्रखंड के भौरो और बेदाल गांव में ज्यादा फाइलेरिया रोगी होने के कारण ये दोनो गांवों का चयन कर सभी 20 साल के ऊपर लोगो को जांच किया जा रहा है। फाइलेरिया जांच कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य बिना देवी के द्वारा फीता काट कर किया गया। फाइलेरिया जांच रात्रि 8 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक किया गया, भौरो के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर फाइलेरिया का जांच का सैंपल दिया एवम सहयोग किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एलटी संदीप भगत, राम कुमार महतो एमटीएस इंचार्ज, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, भुवनेश्वर प्रजापति बीटीटी, सुजाता लकड़ा एएनएम, प्रेमजय उरांव पीरामल, सौरभ सेन जीएनएम, बसंती देवी, बुधमनिया उरांव सहिया, भोला सिंह चालक इत्यादि स्वास्थ्य कर्मी का सहयोग रहा।

# संजू देवी घर के दहलीज से बाहर निकल अपने कार्य क्षमता के बदौलत स्थापित किया कीर्तिमान



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक समय ऐसा था,जब महिलाओं को लोग सिर्फ घर के दहलीज तक ही सीमित रखा करते थे, परंतु अब तस्वीर बदल गई है। अब महिलाओं के कार्य क्षमता को लोग पहचान चुकें है। भंडरा प्रखंड में एक नहीं कई ऐसी महिलाएं है, जो अपने कार्य क्षमता के बदौलत अपना कृतिमान स्थापित कर पुरुषों को मात दें रही है। भंडरा की महिलाओं के लिए कोई काम छोटा नहीं है। यहां की महिलाएं घर से लेकर खेती-बाड़ी में भी अपना काम का लोहा मनवा रही है। भंडरा प्रखंड के 700 महिलाएं ऐसी है। जो जायका परियोजना के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ लेकर एक कुशल महिला किसान की श्रेणी में है। इतना ही नहीं भंडरा प्रखंड के कसपुर गांव की महिला किसान बसंती उरांव,भौंरो की संजू देवी,आकाशी की मुन्नी देवी के मिर्चा,शिमला, बोदी खेती को देख पुरुष किसान भी हैरान है। इससे इन्हें इस माह महज 25-25 डिसमिल की खेती से 35-40 हजार की आमदनी हुई है। इससे इनकी अलग पहचान तो बन ही गई है, परंतु दूसरी महिला किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बनी है। कसपुर कि महिला किसान बसंती उरांव कहती है कि स्वयं आजीविका सहायता समूह से जुड़ने के बाद जायका परियोजना के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद योजना का लाभ लेने की इक्षा जाहिर की थी। इस पर जायका परियोजना द्वारा 25 डिसमिल में खेती करने के लिए निःशुल्क सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ दिया गया। कसपुर में पानी की काफी किल्लत होने के कारण सूक्ष्म सिंचाई वरदान साबित हुआ। अब खेती-बाड़ी से अच्छी कमाई हो जाती है। महज आठ हजार की पूंजी से 40 हजार की आमदनी हुई है। इसी तरह सालाना एक लाख तक कि आमदनी हो जाती है।

# प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक श्री बरदान मड़की की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विगत कई वर्षो पहले वन अधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत दावा प्रपत्र पूरा कर सम्बन्धित विभाग में जमा किया गया है अभी तक पट्टा नहीं मिला है। जिसको लेकर महाधरना प्रदर्शन जिला स्तरीय ग्रामसभा मंच के अगुवाई में करने का निर्णय लिया गया था लेकिन जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक कर निर्णय लिया गया कि और छः संगठन मिलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका समय सारिणी 09.10.2023 को अनुमण्डल कार्यालय सिमडेगा के सामने समय 10 बजे पूर्वाह्न सुनिश्चित किया गया है। जिसमें मुख्य मुद्दा होगा संविधान बचाओ अभियान। इस धरना कार्यक्रम में जिला स्तरीय ग्रामसभा मंच, झारखण्ड जंगल बचाओ आन्दोलन, आदिवासी जागरूक मंच, गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच, मूल निवासी संघ,आदिवासी महिला जागृति संगठन, आदिवासी छात्र संघ सहित अन्य संगठनों के सहयोग द्वारा किया जायेगा।इस बैठक में जे जे बी के समर्पण सुरिन, अनूप लकड़ा, खुशीराम कुमार, सिपरियन समद, अमृत डांग, अपलुस एक्का, रेजिना टोप्पो, रॉयन डुंगडुंग, जोनसन कुल्लू, ख्रिस्तदास किड़ो, मिखाइल लकड़ा, ललित टोप्पो, एलिजाबेथ टोप्पो, सुगढ़ लुगून, रसिकन लुगून, दीपक सुरिन, जोशेफ किड़ो, बेंजामिन लुगून, सिमोन डुंगडुंग, आनंद बरला, फुलकेरिया कुल्लू,अंजोर कुल्लू, रेमेजीयूस कुल्लू, स्टानिस्लास डुंगडुंग, भूषण टोप्पो, जोनसन लुगून,अनिल कुजूर आदि उपस्थित थे।संचालन खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमृत डांग ने किया।

# छात्र-छात्राओं के चहुमुखी विकास में महाविद्यालय अग्रणी : चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्रांतीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला और 34 वां प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत और सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कराया। प्रांतीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला में आयोजित विज्ञान पत्र वाचन प्रतियोगिता में 12 वीं विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप ने स्वर्ण पदक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है,मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से शशि कच्छप को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। शशि कच्छप के माता-पिता सुधीर उरांव और दशमनी उरांव को सचिव अजय प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल ने विद्यार्थी जीवन के पांच लक्षणों पर श्लोक के माध्यम से चर्चा की, और उन्होंने कहा कि भैया-बहनों के चहुमुखी विकास में यह महाविद्यालय अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के भैया -बहनों के मेहनत के फलस्वरूप इसकी प्रशंसा प्रांत और क्षेत्र स्तर तक हो रही है ये हमारे महाविद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का छन है। 34वां प्रांतीय एथलेटिक्स के विजेता प्रतिभागियों में पूनम कुमारी, आकांक्षा पांडे, नैतिक राज, अभय साहू, अल्पना शैली उरांव, रितु कुमारी, मुनिका कुमारी, अंकित साहू, अमित उरांव आदि को पुरस्कृत किया। मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय वर्ष के द्वितीय अंक का विमोचन किया गया।

# ओम प्रकाश सिंह ने बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित गणना को राजनीति से प्रेरित बताया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित गणना की रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने को आधा अधूरा तथा पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित बतलाया है। उन्होंने कहा कि यह गणना जातियों की संख्या बल तो बताती है किंतु उनकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति के बारे में मौन है। और जब तक समाज के सबसे दबे कुचले जातियों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थितियों का आकलन नहीं होगा उनके विकास के लिए ना तो सटीक योजनाओं का निर्माण हो सकेगा और ना ही उन्हें मुख्य धारा में लाया जा सकता है। जातिवाद गणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण को राजनीतिक हथियार बनाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने बिहार सरकार से मांग की है की जाति आधारित गणना के आंकड़ों के साथ आर्थिक तथा सामाजिक आंकड़ों को भी प्रकाशित करें ताकि जातीय गणना के मूल उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

# अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से चले शौर्य रथ को स्वागत हेतू कैरो से राम भक्तों की टोली रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय कैरो दुर्गावाडी भवन से 03 अक्टूबर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद कैरो इकाई के अध्यक्ष जीतवाहन महतो के अगुवाई मे अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से चले शौर्य रथ को स्वागत करने हेतु कैरो रामभक्तो की टोली टिको शिव मन्दिर कुडु के लिये रवाना हो गई। विदित है कि अयोध्या मे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला के नवनिर्मित भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा (राज्याभिषेक) होनी है इसी के निमित शौर्य रथ (आश्वमेध) रथ भ्रमण हो रही है, उक्त अश्वमेघ रथ अयोध्या से चंदवा के रास्ते कुडु टिको मन्दिर मे 3:30 बजे पहूँच रही है जिसे राम भक्त रथ को अगवानी करते लोहरदगा ले जायेंगे जहाँ पर विहिप पुर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भव्य पुजा अर्चना की जायेगी। कैरो से सभी रामभक्त की टोली भगवा वस्त्र धारण कर व बाईक पर श्री रामभक्त हनुमान की झंडा लगाकर जै श्री राम-जै श्री राम का जयकारा लगाते हुए शौर्य रथ की स्वागत के लिये कैरो से कुडु टिको मन्दिर के लिये रवाना हुए। मौके पर कैरो विहिप के अध्यक्ष जीतवाहन महतो, रामपवित्र प्रसाद सोनी, सुजीत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सोनी, बालेश्वर साहू, प्रभू भगत, रविनन्दन शुक्ला, राधेश्याम साहू, अमृतदास गोस्वामी, लखन साव, पीतांबर साहू, दिनेश साहू इत्यादि रामभक्त की टोली शौर्य रथ की स्वागत के लिये कैरो से रवना हूई।

# अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आंकाक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज मंगलवार को संकल्प सप्ताह अंतर्गत प्रथम दिन का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा किया गया। इसमें किस्को प्रखंड के सभी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र/ प्रखण्ड पीएचसी/ सीएचसी में संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्पक अंतर्गत एएनसी क्लिनिक का संचालन, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया परीक्षण एवं उपचार,टीबी हारेगा देश जीतेगा अनुमोदित टीबी स्क्रीनिंग निश्चय मित्र द्वारा किट प्रदान करना आदि का आयोजन किया जाएगा। किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरल ओपीडी में 287 मरीजों की जांच की गई। 75 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 19 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 83 बालिकाओं/ महिलाओं की एनीमिया जांच, 17 लोगों का टीकाकरण और 25 लोगों की टीबी जांच की गई। किस्को प्रखंड में 10 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, एक आयुष चिकित्सा केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें कुल 1009 लोगों की जेनरल ओपीडी,517 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 96 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 185 बालिकाओं/ महिलाओं की एनीमिया जांच, 47 लोगों का टीकाकरण और 217 लोगों की टीबी जांच की गई।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में गांधी जी और शास्त्री जी की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के द्वारा रघुपति राघव राजा राम और साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल जैसे गीत गाए गए और महात्मा गांधी तथा शास्त्री जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री देश के महान विभूतियों में से एक थे और संजोग से दोनों का जन्म 2 अक्टूबर के दिन ही हुआ था। इन दोनों विभूतियों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर अपने जीवन को अमर बना दिया। हमें इन दोनों महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेकर और उनके मार्गदर्शनों को आत्मसात् कर अपने जीवन को साकार करना चाहिए तभी महापुरुषों की जयंती मनाना हमारे लिए सार्थक साबित होगा। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित हुए।

# विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष जीत बहान महतो की अध्यक्षता में शौर्य जागरण यात्रा को लेकर हुई बैठक



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड मुख्यालय दुर्गाबाड़ी परिसर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष जीत बहान महतो की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। उन्होंने बताया कि राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का शंखनाद करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में समस्त हिंदुओं को आह्वान करते हुए शौर्य जागरण यात्रा प्रत्येक जिला, विभाग, केंद्र से निकाली जा रही है। यह यात्रा 3 अक्टूबर को शाम के 4:00 बजे कुडू प्रखंड के बाजार टांड पहुँचेगी, जहाँ एक जनसभा किया जाएगा,और शाम 5:00 बजे लोहरदगा बस स्टैंड साइडिंग मैं शौर्य जागरण रथ का जोरदार स्वागत किया जाएगा। और नगर भ्रमण में एक साथ पदयात्रा कर ललित नारायण स्टेडियम पहुँचेगी, रथ के साथ आ रहे सन्तो का विशाल जनसभा को आशीर्वचन प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिला वासियों में काफी खुसी का माहौल देखने को मिलेगा। वहीं पर बजरंग दल के संयोजक दिनेश साव ने बताया कि हम सभी समस्त कैरो वासी को दुर्गाबाड़ी परिसर में 2:00 बजे एक जगह एकत्रित होकर कुडू बाजार ताड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। इस शौर्य जागरण रथ का स्वागत में एवं यात्रा की तैयारी में स्थानीय संगठन/समिति भी जुट गई है। श्री राम समिति लोहरदगा रथ का स्वागत शंख नदी के पास करेगी एवं यात्रा में शामिल होगी, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति पतराटोली में स्वागत करेगी एवं यात्रा में शामिल होगी, योगी सेना बस स्टैंड साइडिंग के पास स्वागत करेगी एवं यात्रा में शामिल होगी, वहीं केंद्रीय महावीर मण्डल के द्वारा रथ का स्वागत गुदरी हनुमान मंदिर के पास किया जाएगा।

## जीवन का लक्ष्य खेल के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं : सुखदेव भगत

# जमगांई में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में पंडरिया फुटबॉल टीम हुआ चैंपियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के ग्राम जमगाई में आदर्श क्लब के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन समारोह गांधी जयंती पर किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच पंडरिया और नरकोपी के बीच खेला गया जिसमें पंडरिया पेनल्टी शूट में 3-2 से चैंपियन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। उनके आने पर आयोजन समिति के द्वारा पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।फाइनल मैच से पूर्व मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें अनुशासन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा। खेल आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करता है क्योंकि इसमें सभी वर्गों की सहभागिता होती है। इस क्षेत्र में काफी अच्छे-अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी है लेकिन वह खस्सी मैच खेलने तक सीमित रहते हैं जिसके कारण वह आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इन खिलाड़ियों को फीफा के नियम से खेलना चाहिए इसके लिए जिला फुटबाल संघ लीग मैच और कैंप करवाती है ताकि हमारे खिलाड़ी सीखे और बेहतर करें। श्री भगत ने कहा कि हमारी सरकार खेल नीति के माध्यमसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजना लाई है जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजुनी उरांव, पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव, कांग्रेस नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, बालमुनि उरांव, धनेश्वरी उरांव, संजय उरांव, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, अनिल कुमार, संजय उरांव, लालू भगत, सोमा उराव, प्रदीप उरांव, संजीत उरांव, वीरेंद्र यादव, रामधन उरांव, मनोज सिंह, संजय लोहरा, विकास उरांव, अनीश उराव, सोनाधन उरांव, शाहजहां अंसारी, ताहिर अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राज्य में स्पोर्ट्स प्रतिभा की कमी नहीं : भूषण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा सरूबहार मैदान में मिशन बदलाव के तत्वावधान में आयोजित फाइनल के समापन में मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि हमारे राज्य में प्रतिभा की फौज है और अगर राज्य सरकार प्रतिभाओ को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिये रणनीतियों एवं प्लानिंग की जरूरत है, भूषण भगत ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेलों में रुचि, हमें जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने और शरीर और मस्तिष्क को तनाव रहित बनाने में मदद करती है। यह टीम सदस्यों के बीच में मित्रता की भावना को विकसित करने, एक साथ काम करने की आदत को बढ़ावा देती है। मिशन बदलाव के संस्थापक पंकज गौसमी ने कहा कि यह मस्तिष्क और शरीर को आकार देने और थकान और सुस्ती को हटाने के द्वारा मानसिक और शारीरिक कड़ाई वाले व्यक्ति का निर्माण करती है। यह पूरे शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करती है इस प्रकार, व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्तर में सुधार होता है।मिशन बदलाव राँची के अवध बिहारी ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेल वो गतिविधियाँ है जो, व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाता है। यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम को करने के लिए सक्षम बनाता है। मिशन बदलाव सिमडेगा के जिलाध्यक्ष तुलसी साहू और जंयती बड़ाईक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में, शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। शिक्षा को बिना खेलों के अधूरा माना जाता है क्योंकि खेलों के साथ शिक्षा, बच्चों का अध्ययन की ओर अधिक ध्यान खिंचती है। लड़का और लड़की में कोई फर्क नहीं है जिस नजर से लड़कों को देखा जाता है उसी नजर से लड़कियों को भी देखने की जरूरत है। गांव के लोगों को लड़कियों के प्रति मानसिकता को बदलना चाहिए की बच्चियों भी कुछ कर सकती है, मौके पर उपस्थित थाना अधिकारी ने भी खेल को अच्छी तरह खेलने की बात कही तथा प्रखंड में इस तरह का आयोजन बच्चों के प्रतिभा को दिखाने का अच्छा अवसर होता है इनका खिलाड़ियों के प्रति शुभ सन्देश था। मौके खिलाड़ियों को अपने खेल को अच्छी तरह खेलने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी विजेता उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दी। तीर्थ नाथ आकाश ने खिलाड़ियों को तथा खेल आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह खेल तथा प्रोग्राम कराते रहने तथा हर सम्भव सहयोग की बात कही। वही टीम में 16 टीमों ने भाग लिया। रेफरी की भूमिका शांतियल जोजो, रवि गोप तथा विष्णु तिर्की ने किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बालक वर्ग सोरडा उड़ीसा बनाम पठान क्लब ओडगा के बीच बीच खेला गया।ओडगा की टीम2-0 से विजय रही , वही बालिका वर्ग में पैतनो बनाम ओडगा महुआ टोली के बीच खेला गया जिसमें ओडगा महुआ टोली टीम 1-0 से विजय रही। विजय टीम को मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत,पंकज गौसमी के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया। मौके पर रांची से संस्थापक श्री भूषण भगत जी, पंकज गौसमी, अवध लाल, तीर्थ नाथ आकाश,तथा सिमडेगा टीम से जिलाध्यक्ष तुलसी साहू, sc /st जिलाध्यक्ष संतोष जोजो, महिला जिलाध्यक्ष जयंती देवी, ओडगा ओ पी प्रभारी पंकज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, उपाध्यक्ष दीपक चीक बड़ाईक , एस आई प्रमोद कुमार, रवि गोप, पंचायत समिति सदस्य ओरगा सह सदस्य दीपक कुमार महतो, अन्नू खान, मो. शाहजहाँ खान, इस्लाम मियां, मो. फरीद आलम, रोहित राणा, छोटू बड़ाईक, आकाश डांग, अमित बड़ाइक, नरेश बडाईक, विकास महतो, मुकेश साहू, जितेंद्र महतो, सहदेव साहू, आशिक खान, संतोष गोप,अनमोल डांग, सुभम कुमार साहू, सुहेल अहमद, राजेंद्र मांझी, प्रभा देवी,गुड्डू साहू, छोटू तिर्की,बबलू खान, प्रखंड के जनप्रतिनिधि तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## रेलवे ने 2023 की पहली दो तिमाही में 758.20 मीट्रिक टन माल ढुलाई का लक्ष्य किया हासिल

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने 2023 की पहली दो तिमाही में 758.20 मीट्रिक टन माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया है। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संचयी आधार पर अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए रेलवे ने 758.20 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की है। पिछले वर्ष 736.68 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई थी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 मीट्रिक टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78,991 करोड़ रुपये की तुलना में 81,697 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2,706 करोड़ रुपये अधिक है। इस साल सितंबर महीने में 123.53 मीट्रिक टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है, जबकि पिछले साल सितंबर में 115.80 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल सितंबर में माल ढुलाई से राजस्व के रूप में 12332.70 करोड़ रुपये की आय हुई थी, इसकी तुलना में इस साल सितंबर में 12,956.95 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय रेल ने इस साल सितंबर में 59.70 मीट्रिक टन कोयला, 14.29 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 5.78 मीट्रिक टन पिग आयरन और तैयार स्टील, 6.25 मीट्रिक टन सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर), 4.89 मीट्रिक टन क्लिंकर में, 4.54 मीट्रिक टन खाद्यान्न, 4.23 मीट्रिक टन उर्वरक, 4.0 मीट्रिक टन खनिज तेल और 10.10 मीट्रिक टन अन्य सामान की माल ढुलाई की।

## महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा नारी शक्ति वंदन कानून : बिरला

**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति रक़ेल पेना रोड्रिग्ज के नेतृत्व में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए प्रतिनिधिमंडल को संसद भवन में संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हाल ही में यहां नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया गया है। इस कानून से भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने नई दिल्ली में सम्पन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के बारे में भी प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराया। नवनिर्मित संसद भवन के बारे में अवगत कराते हुए बिरला ने कहा कि यह भवन भारत की विविधता और लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक है। बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में देश के सभी भागों की संस्कृति, डिजाइन और सामग्री का समावेश किया गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने पर पेना रोड्रिग्ज को बधाई देते हुए बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि दोनों देश के घनिष्ठ संबंध परस्पर मैत्री, लोकतंत्र के साझा मूल्यों और वैश्विक मुद्दों पर समान विचारों की मजबूत नींव पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि भारत और डोमिनिकन गणराज्य दोनों में सशक्त संसदीय प्रणालियां हैं और साझा लोकतांत्रिक मूल्य हैं, बिरला ने कहा कि दोनों देशों को लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए संसदीय आदान-प्रदान को और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए।

# निजी वेब पोर्टल न्यूज क्लिक के 30 ठिकानों पर ईडी की रेड

*** चीन से पैसा लेकर भारत में ड्रैगन का एजेंडा चलाने का आरोप**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के एक निजी वेब पोर्टल न्यूज क्लिक के 30 ठिकानों पर मंगलवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी पीएमएलए के तहत न्यूजक्लिक की फंडिंग की जांच कर रही है. इस वेब पोर्टल पर चीन से पैसा लेकर उसका एजेंडा चलाने का आरोप है.ऐसा बताया जा रहा है कि निजी वेब पोर्टल पर चीनी नागरिक नेविल रॉय सिंघम से 38 करोड़ रुपये लेने का आरोप है. यह पैसा लेकर वह भारत में न्यूज आइटम के जरिये चीनी प्रोपोगेंडा फैलाना चाहते हैं. इनसे जुड़े ठिकानों पर रेड के दौरान दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कई इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस, लेपटॉप, मोबाइल फोन जब्त किए और हार्ड डिस्क का डेटा भी लिया है.



**यूएपीए के तहत केस भी दर्ज:** दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने इस न्यूज पोर्टल में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया है. न्यूज़क्लिक के परंजॉय गुहा ठाकुरता को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के अधिकारियों के साथ देखा भी गया है.

**तीन पत्रकार हिरासत में :** इस बीच न्यूजक्लिक से जुड़े कुछ प्रमुख पत्रकारों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिरासत में लिया है। पत्रकारों में अभिसार शर्मा उर्मिलेश और अनिंदोय चक्रवर्ती शामिल हैं। इन तीनों को आतंक निरोधी कानून यूएपीए की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## सीएम से मिले मेडिका अस्पताल के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मेडिका अस्पताल रांची के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट अनिल कुमार, जनरल मैनेजर ऑपरेशन रामावतार तथा मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट हेड मानसलाभ ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 14 एवं 15 अक्टूबर 2023 को होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित कैंसर कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

## गोजू-रियू कराटे ग्रेडींग सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखण्ड गोजू -रियू के चीफ डायरेक्टर सिहान सहजाद कुरेशी के नेतित्व में कराटे ग्रेडिंग सम्पन्न हुआ जिसमें बेल्ट प्राप्त करने वाले करातीका इस प्रकार है। येलो बेल्ट - आरव दुबे, अंश प्रसाद, नाफिसा प्राविन, खुसनूमा प्राविन, ओरेंज बेल्ट - अनूप कुमार, हरा बेल्ट ? ऐन्टीक भट्टाचार्य, प्राची तिर्की, कुमार अभिनव, बुलु बेल्ट - अशविन झा , सिरिष्टी नंदी, आमना अदिबा अली, शकक्षम कर्माकर , आयुष कर्माकर , स्नेहा कुमारी, बैगनी बेल्ट - निशांत कुमार , दिलक्स नाज, शरूती उराँव, इस ग्रेडिंग को सफल बनाने में रोहित भगत, रौनक तिर्की ,हिमांशु राज,साहिल श्रीवास्तव , सूहेल अंसारी, हर्षराज वर्मा , इंद्रनी कुमारी ने सफल बनाने में सहयोग दी ।

**असम में बाल विवाह के खिलाफ एक्शन में सरकार**

## पुलिस ने गिरफ्तार किए 800 से भी अधिक लोग

एजेंसी

**दिसपुर :** असम में बाल विवाह के खिलाफ हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार एक्शन के मोड में है. राज्य के सीएम ने ट्वीट कर इसके बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा, असम पुलिस का इस सामाजिक बुराई के खिलाफ अभियान जारी है. हमने आज सुबह अभियान चलाकर 800 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है.असम के सीएम ने ट्वीट कर बताया कि इस बुराई के खिलाफ आगे भी एक्शन जारी रहेगा. यानी इस सामाजिक बुराई से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए जाने वाले लोगों की संख्या और बढ़ने की संभावना है. शर्मा ने 11 सितंबर को असम विधानसभा में बताया था कि पिछले पांच साल में बाल विवाह से संबंधित मामलों में



कुल 3,907 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 3,319 लोगों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के तहत आरोप लगाए गए हैं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ब्रह्मपुत्र और बराक घाटी में चाय बागान श्रमिकों की दैनिक न्यूनतम मजदूरी 18 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 250 रुपये और 228 रुपये करने का फैसला किया है. शर्मा की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल कर बैठक में एक अक्टूबर से ब्रह्मपुत्र और बराक दोनों घाटियों में मजदूरी बढ़ाने का निर्णय किया गया.

### सरकारी नौकरी में आरक्षण की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा, 'मंत्रिमंडल ने चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम दैनिक मजदूरी बढ़ाने का फैसला किया. ब्रह्मपुत्र घाटी में एक अक्टूबर से दैनिक वेतन 232 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया गया है. बराक घाटी में अब श्रमिकों को 210 रुपये के बजाय 228 रुपये मिलेंगे.'' शर्मा ने कहा कि सरकार ने आगामी दुर्गा पूजा के लिए उद्यान प्रबंधन को 20 प्रतिशत बोनस देने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा, तत्काल प्रभाव से चाय बागान श्रमिकों और आदिवासी लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण भी होगा.

# गांधी और क्वामे न्क्रुमा के विचारों को जी रहें हैं भारत और घाना : स्पीकर

एजेंसी

**अकारा :** अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में भाग लेने के लिए घाना की राजधानी अकरा में छः दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने भारत घाना कोफ़ी अन्नान सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र पर अवस्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




अध्यक्ष ने अकरा में स्थानीय प्रेस से बातचित की। उन्होंने ने कहा कि भारत और घाना दोंनो ही विश्व में लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं।जहाँ एक ओर भारत महात्मा गाँधी के विचारों की अलख पूरी दुनिया में जला रहा है, वहीं दूसरी ओर क्वामे न्क्रुमा द्वारा स्थापित लोकतंत्र को घाना के चौथे गणराज्य में मजबूती से आगे बढ़ा रहा है।यद्यपि कुछ समय के लिए सैन्य शासन द्वारा घाना में शासन किया गया था पर तीस वर्षो से अनवरत यहाँ लोकतंत्र कायम है।भारत में लगातार 75 वर्षो से लोकतंत्र के रूप में कायम है और विश्व के सबसे बड़े जनसमुदाय के रूप अपनी पूरी विविधता के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। अध्यक्ष ने विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफ़ी अन्नान के योगदानों की भी चर्चा की जो घाना के ही थे।अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है। पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर और लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है।अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो 6 दिनों के इस सम्मेलन में तीन विषयों पर अपने वक्तव्य विश्व पटल पर रखेंगे।

पहला विषय है ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण,दूसरा विषय है संसद में महिला आरक्षण का महिला सशक्तिकरण में योगदान और तीसरा विषय है ई संसद के माध्यम से ससदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाया जाना।

## रांची जिला वाको किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का बना एडहॉक कमेटी

**रांची :** रांची जिला वाको किकबॉक्सिंग एसोसिएशन को पिछले दिनों हुए एजीएम बैठक में भंग कर दिया गया. भंग करने का कारण संस्था विरोधी कार्य बताया गया।बी सी ठाकुर अध्यक्ष झारखंड अमेच्युर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने रांची जिला एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का एक 6 सदस्य अडहॉक कमिटी बनाया। जिसमें चेयरमैन विनय सिन्हा दीपू संयोजक ओवैस अराफात,मेंमबर गुलाम जावेद,अजय मुकूल टोप्पो,मनिंदर कुमार सिंह,विमल आनन्द नाग बनाये गये।एवं तीन माह के अन्दर विस्तारित कमिटी का गठन करने का आदेश दिया।इस अवसर पर झारखंड अमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय एन के काम्प्लेक्स परिसर डॉक्टर फ़तेहुल्लाह रोड रांची में एसोसिएशन के अध्यक्ष बी सी ठाकुर ने किया।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप भ्रष्टाचार के मुकदमे में पहली बार अदालत में पेश

एजेंसी

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भ्रष्टाचार के मामले में कल पहली बार मैनहट्टन की अदालत में पेश हुए। ट्रंप इस बार भी राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की दौड़ में शामिल हैं। उन पर अपनी संपत्ति को अरबों डॉलर तक बढ़ाने और धोखाधड़ी की सीमा पार करने का आरोप है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।रिपोर्ट्स के मुताबिक यह दिवानी मामला ट्रंप के चार आपराधिक अभियोगों से अलग है। इसमें वादी न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स हैं। जेम्स ने कहा है, चाहे आप कितने भी अमीर या शक्तिशाली क्यों न हों, इस देश में लोगों के लिए दो प्रकार के कानून नहीं हैं। इस सुनवाई में ट्रंप ने अभी अपना पक्ष नहीं रखा है। अदालत कक्ष के बाहर ट्रंप ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने अटॉर्नी जनरल इस मामले की सुनवाई कर रहे



न्यायाधीश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जेम्स उन्हें राजनीतिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। अटॉर्नी जनरल जेम्स ने मांग की है कि ट्रंप पर 250 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाए और उन्हें न्यूयॉर्क में व्यवसाय चलाने से रोक दिया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस मुकदमे में ट्रंप, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय पर बैंकों से अनुकूल ऋण शर्तों को सुरक्षित करने के लिए अपनी संपत्ति का मूल्य दो बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस केस की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश पिछले सप्ताह इस केस में ट्रंप को दोषी ठहरा चुके हैं। यदि अदालत का फैसला कायम रहता है, तो ट्रंप को अपनी सबसे प्रसिद्ध न्यूयॉर्क की अचल संपत्ति में से कुछ को छोड़ना पड़ सकता है।

# छत्तीसगढ़ में विकास सिर्फ पोस्टरों व बैनरों में : पीएम मोदी



एजेंसी

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इसके साथ ही जगदलपुर में पीएम मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पांच वर्ष में छत्तीसगढ़ की जो हालत की उसे पूरा देश देख रहा है. चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है. ये लोगों की आंख में धूल झोंकते हैं और भ्रष्टाचार करते हैं. कांग्रेस ने घोटालेबाज सरकार दी है. इसलिए आज राज्य के कोने से एक ही आवाज आ रही है. हर व्यक्ति यही कर रहा है अब और नहीं सहेंगे. बदल कर रहेंगे. पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास सिर्फ पोस्टरों, बैनरों में दिखता है. या तो कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी में दिखता है. कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ दिया है- झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार. इसलिए आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो. कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार आदिवासी समाज के लिए 5 गुना ज्यादा बजट देती है. अगर वो 1 रुपया देते थे, तो हम 5 रुपया देते हैं और अगर वो 100 रुपया देते हैं, तो हम 500 रुपया देते हैं. वो भाजपा सरकार थी, जिसने केंद्र में अलग जनजातीय मंत्रालय बनाया, बजट बनाया. जबकि कांग्रेस ने बस्तर को भी दशकों तक नजरअंदाज किया आप लोगों की परवाह नहीं की.इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि ये बीजेपी सरकार है यहां मेडिकल और इंजीनियर कॉलेज बनाए, दंतेवाडा में एजुकेशन सिटी बनाई. मैंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा आदिवासी क्षेत्रों में गुजारा है. मेरा तो आपसे सीधा नाता है दिल का नाता है. मुझे गर्व है देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनाने का गौरव बीजेपी को मिला. हमारी सरकार आदिवासियों के लिए पांच गुना ज्यादा बजट देती है. भाजपा ने ही 15 नवंबर यानि भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय दिवस घोषित किया. हमने स्कॉलरशिप को बढ़ाया. जनजातीय स्कूल खोले. शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट यहां शुरु होने वाले है. आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं.

## टीएमसी के आरोप पर भाजपा का पलटवार, बंगाल में मनरेगा घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली :** तृण मूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से केंद्र सरकार पर मनरेगा के मद में 15 हजार करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने मनरेगा और अन्य योजनाओं में राज्य सरकार पर गंभीर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए इनकी सीबीआई जांच की मांग की है। मनरेगा योजना के तहत बकाया राशि को लेकर तृणमूल कांग्रेस मंगलवार को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मनरेगा के तहत केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को 15 हजार करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। भाजपा मुख्यालय में यहां मंगलवार को पत्रकार वार्ता में पं. बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष एवं भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी के इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

एजेंसी

**गोरखपुर :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाएं और समय से निराकरण करें। जानबूझ कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें।



मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। समस्या लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे लोगों को भरोसे का आत्मीय संबल मिला। इत्मीनान से सबकी बात सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने की हिदायत दी। इधर, जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों से आत्मीयता पूर्वक बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला भी पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश को दुलारा और उनकी सेवा की। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से गोवंश को गुड़-पूड़ी खिलाया और गोशाला के स्वयंसेवकों को जरूरी निर्देश दिए।